इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 304 | राजनांदगांव, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## एयर इंडिया हादसे में पायलट की गलती बताने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, रिपोर्ट को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 22 सितंबर 2025 को उन मीडिया रिपोर्टों को दुर्भाग्यपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि 12 जून 2025 को दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान का ईंधन पायलटों ने जानबूझकर बंद किया था। कोर्ट ने यह टिप्पणी विमान हादसे की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत ने केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो से जवाब तलब किया है। गौरतलब है कि AAIB ने जुलाई 2025 में इस दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी।



### सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने लगाई याचिका

बता दें यह जनहित याचिका कथित तौर पर एक गैर सरकारी संगठन सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन की तरफ से दायर की गई थी, जो कैप्टन अमित सिंह की अध्यक्षता वाला एक विमानन सुरक्षा एनजीओ है।

### क्या है एएआईबी की रिपोर्ट?

एएआईबी ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 के दोनों इंजनों को ईंधन देने वाले दोनों स्विच उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद बंद हो गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, विमान ने लगभग 08:08:42 TC पर 180 नॉट्स IAS की अधिकतम हवाई गति प्राप्त की। इसके तुरंत बाद, इंजन 1 और इंजन 2 के ईंधन कटऑफ स्विच, 1 सेकंड के अंतराल के साथ, एक के बाद एक RUN से CUT-OFF स्थिति में बदल गए।

### सह-पायलट उड़ा रहा था विमान

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इंजन N1 और N2 की टेक-ऑफ शक्ति कम होने लगी, क्योंकि इंजनों को ईंधन की सप्लाई बंद हो गई थी। कॉकपिट की वॉयस रिकॉर्डिंग के अनुसार, एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने टेक-ऑफ क्यों रोका, जिसके जवाब में दूसरे पायलट ने कहा कि उसने ऐसा नहीं किया। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, उड़ान के समय सह-पायलट विमान उड़ा रहा था, जबकि कैप्टन उसकी निगरानी कर रहा था। गौरतलब है कि 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद एयर इंडिया का विमान एआई 171 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। इस हादसे में केवल एक यात्री जीवित बचा। विमान के पायलट सुमीत सभरवाल थे, जिनके पास 8,200 उड़ान घंटों का अनुभव था, जबकि दूसरे पायलट फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे, जिनके पास 1,100 (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नवरात्र पर मोदी सरकार ने दिया एक और बड़ा तोहफा, 25 लाख लोगों को मुफ्त में मिलेगा एलपीजी कनेक्शन



नई दिल्ली। नवरात्र पर्व पर केंद्र सरकार ने देश की करोड़ों महिलाओं को बड़ा तोहफा देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 25 लाख नए मुफ्त एलपीजी कनेक्शन वितरित किए जाएंगे। इस निर्णय से योजना से जुड़ने वाले लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 10.6 करोड़ तक पहुंच जाएगी।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को जानकारी दी कि सरकार प्रत्येक नए कनेक्शन पर लगभग 2,050 रुपये का व्यय करेगी। इसमें एक मुफ्त गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और अन्य जरूरी उपकरण शामिल होंगे।

### महिलाओं को सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश

नवरात्र के अवसर पर इस पहल को नारी शक्ति के सम्मान से जोड़ते हुए मंत्री पुरी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिलाओं को सम्मान और अवसर देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं का सम्मान देवी दुर्गा की तरह करते हैं। उज्ज्वला का यह विस्तार माताओं और बहनों के सम्मान व सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा।

### जीएसटी सुधार से अर्थव्यवस्था को नई गति

हरदीप पुरी ने एक और अहम घोषणा करते हुए कहा कि हाल में लागू हुए जीएसटी सुधार देश की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा भरेंगे। उनके अनुसार, इन सुधारों से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 0.8 प्रतिशत तक की अतिरिक्त वृद्धि संभव है। मंत्री ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से निम्न और मध्यम वर्ग के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी सीधा लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की उपभोग वस्तुओं पर कर घटने से लोगों की जेब पर बोझ कम होगा और खपत (शेष पृष्ठ 6 पर...)



द्वितीय : मां ब्रह्मचारिणी

## 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक दशहरा की छुट्टी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग ने दशहरा और दीपावली की छुट्टियों का आदेश का जारी कर दिया है। 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक दशहरा की छुट्टियां हैं। वहीं दीपावली के लिए 6 दिन की छुट्टी मिली है। 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक दीपावली छुट्टी रहेगी। इस संबंध में अवर सचिव ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक छुट्टी रहेगी। इससे पहले 28 सितंबर और 5 अक्टूबर को भी रविवार है। इस तरह कुल 8 दिन स्कूल बंद रहेंगे। वहीं दिवाली में भी 6 दिन अवकाश है। दिवाली की छुट्टी 20 अक्टूबर से शुरू होंगी जो 25 अक्टूबर तक चलेंगी। इन छुट्टियों के आगे और पीछे रविवार पड़ रहा है। ऐसे में दिवाली में 8 दिन स्कूल बंद रहेंगे।

## चुनाव के बाद खर्च का नहीं दिया हिसाब, 127 दलों को नोटिस जारी

लखनऊ। यूपी में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव में खर्च का ब्योरा न देने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग ने आजाद समाज पार्टी सहित प्रदेश के 127 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया है। जारी की गई नोटिस में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदेश के 127 राजनीतिक दलों ने 2021-22, 2022-23 और 2023-24 का वार्षिक ब्योरा पेश नहीं किया है। वहीं, इन दलों ने 2019 के बाद लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव में प्रतिभाग किया पर अपने खर्च का ब्योरा नहीं दिया। ऐसे में इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में और लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में अपने खर्च ब्योरा चुनाव आयोग को देना होता है। प्रदेश के 127 दलों ने ब्योरा नहीं दिया तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## जीएसटी बचत उत्सवः पीएम मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, दुकानदारों से की मेड इन इंडिया उत्पाद बेचने अपील

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा, इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा।

0 इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5 प्रतिशत की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज़्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5त्न टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे।



उन्होंने लिखा, मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी।

पीएम मोदी ने कहा, नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक बड़ा मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाना हमारा संकल्प है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)ह्य

## नान घोटालाः ईडी रिमांड पर रिटायर्ड आईएएस आलोक शुक्ला और अनिल टूटेजा, दिल्ली में होगी 28 दिन तक पूछताछ

रायपुर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार को रिटायर्ड आइएएस डा. आलोक शुक्ला और अनिल टूटेजा ने सरेंडर किया। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दोनों को गिरफ्तार किया। विशेष अदालत ने सुनवाई के बाद आरोपितों को 16 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड पर देने का आदेश दिया है।



### आलोक शुक्ला दो बार सरेंडर करने कोर्ट पहुंचे


यह गिरफ्तारी 10 साल पहले राज्य के चर्चित नान घोटाले से जुड़ी है। आरोप है कि आलोक शुक्ला और अनिल टूटेजा ने अपने पद और अधिकार का दुरुपयोग करते हुए जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से मिली जमानत रद कर दी थी, जिसके बाद आलोक शुक्ला दो बार सरेंडर करने कोर्ट पहुंचे। पहले ईडी द्वारा कोर्ट में डायरी पेश न करने के कारण अनुमति नहीं मिली, लेकिन बाद में डायरी पेश होने के बाद दोनों की गिरफ्तारी हुई।

### कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील

गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम ने आरोपितों को दिल्ली के लिए फ्लाइट से रवाना किया। दिल्ली ईडी कार्यालय में उनसे नई सिरे से पूछताछ की जाएगी। नान घोटाले की जांच अब दिल्ली ईडी द्वारा ही की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील किया गया और सीआरपीएफ जवानों को तैनात किया गया। सुप्रीम कोर्ट की युगल पीठ ने ईडी और ईओडब्ल्यू को जांच पूरी करने के लिए समय सीमा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यूएस टैरिफ पर आरएसएस प्रमुख सख्तः मोहन भागवत बोले-भारत को अपनी राह खुद बनानी होगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने यूएस टैरिफ और एच-1बी वीजा फीस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, भारत को आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ना चाहिए, बल्कि आत्मनिर्भर सोच के साथ हमें अपना रास्ता खुद तय करना होगा।



मोहन भागवत ने रविवार को दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए जो भी जरूरी हो, वह करना चाहिए, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियां न बनें, इसके लिए हमें सनातन भारतीय दृष्टिकोण को अपनाना होगा। मोहन भागवत ने कहा, भारत समेत दुनिया के अन्य देश जिन समस्याओं से जूझ रहे हैं, वे बीते दो हजार वर्षों में विकसित हुई उस खंडित सोच का परिणाम हैं, जिसमें सुख और विकास को मैं और बाकी दुनिया या हम और वे की दृष्टि से देखा गया है। हम अगर इन हालातों से बचना चाहते हैं, तो जीवन के सनातन मूल्यों को आधार बनाकर, विकास (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एच-1बी वीजा और टैरिफ पर तल्खी के बीच रुबियो-जयशंकर की बैठक; भारत-यूएस संबंध पर बातचीत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के एच-1बी वीजा शुल्क में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों के कारण रिश्ते में आई तल्खी के बीच आज विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के साथ बैठक की। संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं उच्च स्तरीय बैठक से इतर दोनों की मुलाकात सोमवार रात (भारतीय समयानुसार) लोटे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई। इस बैठक को भारत-अमेरिका संबंधों में नए सिरे से विश्वास बहाली और व्यापारिक तनाव कम करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र जैसे कई अहम वैश्विक मुद्दों पर भी सहयोग मजबूत करने के अवसर की तरह भी देखा जा रहा है। इस बैठक से पहले जयशंकर और रुबियो की पिछली मुलाकात जुलाई में वाशिंगटन डीसी में हुई थी। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की इस बैठक के दौरान भी आपसी रिश्ते को मजबूत करने का संकल्प लिया गया था। जयशंकर रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे। वे कई द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगे। 27 सितंबर को वे संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से भारत की तरफ से भी भाषण देंगे। न्यूयॉर्क में हुई विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की द्विपक्षीय वार्ता के संबंध में दोनों पक्षों की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ बीते 28 अगस्त से लगाया है। इसी के (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## बिहार में छठ पूजा के बाद होंगे विधानसभा चुनाव, मुख्य चुनाव आयुक्त दौरा 30 को

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 30 सितंबर को पटना पहुंचेंगे। इस दौरान उनके साथ अन्य चुनाव आयुक्त भी होंगे। इसी बीच चुनाव आयोग मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की अंतिम सूची भी जारी कर देगा, जिस पर अभी काम चल रहा है। बिहार में दौरा और तैयारियों का जायजा लेने के एक से दो दिन बाद चुनाव की घोषणा हो सकती है।

इस बार दिवाली और छठ पूजा 18 अक्टूबर से लेकर 28 अक्टूबर के बीच होगी। ऐसे में मतदान इसके बाद ही रखने की संभावना है। बिहार में वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग इस तिथि से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी करने की कोशिश में जुटा है। संभावना है कि 5 से 15 नवंबर के बीच 3 चरणों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके बाद 20 नवंबर तक परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। बिहार में 2020 के चुनाव 3 चरणों में हुए थे। तब पहला चरण 28 अक्टूबर को 71 सीटों पर, दूसरा चरण 3 नवंबर को 94 सीटों पर और तीसरा चरण 7 नवंबर को 78 सीटों पर मतदान हुआ था। नतीजे 10 नवंबर को घोषित हुए थे। इससे पहले 2015 में, राज्य में मतदान 5 चरणों में हुआ था। इस साल भी 3 चरणों में ही चुनाव कराने की कोशिश है। बिहार में करीब 7 करोड़ मतदाता चुनाव में भाग लेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत के बाद भारत सतर्क, 50 बॉडीगार्ड सैटेलाइट भेजने की तैयारी

नई दिल्ली। भारत अब अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था।



सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार ऐसे बॉडीगार्ड उपग्रहों को बनाना चाहती है, जो भारतीय उपग्रहों के आसपास रहकर उन्हें खतरे से बचा सकें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को पहचान सकें। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि 2024 के मध्य में एक पड़ोसी देश का उपग्रह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक उपग्रह के महज एक किलोमीटर पास से गुजरा। यह इसरो का वो उपग्रह था, जो धरती पर निगरानी और मानचित्रण जैसे काम कर रहा था, जिनका उपयोग रक्षा क्षेत्र में भी होता है।

उपग्रहों की टक्कर नहीं हुई लेकिन जानकारों का मानना है कि यह इत्तेफाक नहीं, बल्कि एक तरह का शक्ति प्रदर्शन था। यानी दूसरा देश अंतरिक्ष में अपनी ताकत का प्रदर्शन करना चाहता था। इस घटना ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अंतरिमक्ष मौजूद खतरे को उजागर कर दिया। इसरो और अंतरिक्ष विभाग ने आधिकारिक तौर पर इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उपग्रह सुरक्षा परियोजना के तहत भारत अंतरिक्ष में अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना चाहता है। इसके तहत करीब 27 हजार करोड़ रुपये की लागत से 50 निगरानी उपग्रह भेजे जाएंगे। पहला उपग्रह अगले साल लॉन्च होने की संभावना है। भारत का पड़ोसी चीन और पाकिस्तान के साथ लंबे समय से सीमा को लेकर विवाद है और इन देशों की अंतरिक्ष क्षमताएं अलग-अलग स्तर की हैं। पाकिस्तान के पास केवल आठ उपग्रह हैं, वहीं भारत के पास सौ से ज्यादा उपग्रह हैं। चीन इस मामले में सबसे आगे है, उसके पास 930 से भी ज्यादा उपग्रह हैं। भारत और अमेरिका दोनों के अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) अंतरिक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता, 40-40 लाख के इनामी दो माओवादी ढेर, शाह व साय ने दी जवानों को बधाई

नारायणपुर। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय सीमा से लगे अबूझमाड़ इलाके में सोमवार को हुई भीषण मुठभेड़ में प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) को बड़ा झटका लगा है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से संगठन की केंद्रीय समिति के दो वरिष्ठ माओवादी कैडरों के शव बरामद किए हैं, जिनकी पहचान राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी (63) और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी (67) के रूप में हुई है।





### मुठभेड़ में छह शीर्ष माओवादी मारे गए

दोनों पर कई राज्यों को मिलाकर एक-एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम था। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 40-40 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके साथ ही इस वर्ष प्रदेश में हुई मुठभेड़ में छह शीर्ष माओवादी मारे गए हैं। इससे पहले माओवादी प्रमुख बसव राजू, चलपती, सुधाकर व माडेम बालकृष्ण मारे जा चुके हैं। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, एक इंसास राइफल, एक बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लांचर), भारी मात्रा में विस्फोटक, माओवादी साहित्य और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त की गई हैं।

### सुबह से सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया

नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक राबिन्सन ने बताया कि आबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की गतिविधियों की सूचना पर सोमवार सुबह से सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान माओवादियों और बलों के बीच रुक-रुक कर गोलाबारी हुई। अंततः दो वरिष्ठ माओवादी कैडरों के मारे जाने की पुष्टि हुई।

### बड़ी हिंसक घटनाओं के मास्टरमाइंड

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों माओवादी नेता तीन दशकों से अधिक समय से दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति में सक्रिय थे और अनेक बड़ी हिंसक घटनाओं के मास्टरमाइंड रहे हैं, जिनमें कई जवान शहीद हुए तथा निर्दोष नागरिकों की जानें गईं।

### लाल आतंक की टूट रही है रीढ़- शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों के दो शीर्ष नेताओं को मार गिराकर उनके खिलाफ एक बड़ी जीत हासिल की है। शाह ने एक्स पर लिखा कि हमारे सुरक्षा बल व्यवस्थित रूप से नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व का खात्मा कर रहे हैं और लाल आतंक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नवरात्रि पर्व का हुआ आगाज, बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों के लिए लगे दर्जनों सेवा पंडाल : सुरक्षा में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों लगी की ड्यूटी



### एसपी गर्ग ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। क्वांर माह में नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि पर्व का 22 सितंबर सोमवार से आगाज हो चुका है। संस्कारधानी नगरी में दुर्गोत्सव पर्व की धूम रहती है। साथ ही नवरात्रि पर्व पर डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दुर्ग भिलाई, रायपुर अर्जुंदा, गुंडरदेही, बालोद, धमतरी लोहारा आदि जगहों से बड़ी संख्या में पदयात्रियों का रेला रहता है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाने के लिए तगड़ा इंतजाम किया गया है। विशेष कर डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मेरे के लिए 1000 से अधिक पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं राजनांदगांव शहर व दुर्ग के अंजोरा से लेकर डोंगरगढ़ तक पदयात्रियों के लिए बेरीकेट्स से लेकर पुलिस जवानों की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गई है।

**मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों के लिए बनाए गए रुट**

बता दें कि सोमवार 22 सितंबर से प्रारंभ हुई शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। बड़ी संख्या में पदयात्री नंगे पांव मां के दरबार में मत्था टेकने जाते हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने अंजोरा से लेकर राजनांदगांव तक नेशनल हाईवे में एक लेन पदयात्रियों के लिए सुरक्षित किया है। उक्त हाइवे में दोनों ओर से वाहन सिर्फ एक लेन पर चलेंगे। दुर्ग भिलाई से आने वाले पदयात्रियों का अंजोरा बायपास से टेड़ेसरा, सोमनी, मनकी, सुंदरा, होते हुए रामदरबार चौक राजनांदगांव में प्रवेश होगा तत्पश्चात शहर से बल्देव बाग, ममता नगर अंडर ब्रिज हो कर पदयात्री सुकुल दैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पहुंचेंगे। मां बम्लेश्वरी के इन पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह बैरिकेड लगाए गए हैं और पुलिस जवानों की तैनाती की गई है।

**एसपी गर्ग ने ड्यूटी में तैनात जवानों को किया ब्रीफ**

बता दें नवरात्रि पर्व के लिए सजग व सतर्क हुई पुलिस प्रशासन ने एस पी मोहित गर्ग के निर्देशन में पूरी व्यवस्था दी है। उनके अनुसार अगले 9 दिन तक अंजोरा बाईपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक पुलिस जवान ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। वहीं डोंगरगढ़ मेला दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था में - 20 चार पहिया वाहन पेट्रोलिंग, 15 मोटर सायकल पेट्रोलिंग पार्टी, 15 पैदल पेट्रोलिंग पार्टी की तैनाती की गई है। मेला ड्यूटी के दौरान यातायात व्यवस्था में कुल 300 बल तैनात रहेंगे इसके अलावा डोंगरगढ़ में यात्रियों के लिए 10 जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बताया गया है कि नीचे मंदिर से उपर मंदिर तक एवं विभिन्न चौक चौराहों में फिक्स पिकेट बल तैनात किया गया है। यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु ऊपर मंदिर गर्भगृह, रोपवे नीचे एवं ऊपर, ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक-गोताखोर पार्टी, बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

**4 सेक्टरों में बांटी गयी है मेला व्यवस्था**

इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 1000 से अधिक पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में श्रीमती गायत्री सिंह, सेनानी 07वीं वाहिनी छसबल भिलाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमएमसी देवचरण पटेल द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। नवरात्रि मेले में व्यवस्था बनाने के लिए एसपी श्री गर्ग द्वारा ली गई।

# शहर में बेखौफ घुम रहे जिला बदर के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में जिला बदर के आरोपी को बेखौफ घुमते पाए जाने पर उसे धर दबोच कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत रविवार 21 सितंबर को पेट्रोलिंग दौरान ग्राम गठुला में जिला दण्डाधिकारी के द्वारा जिला बदर किये गये आरोपी कोमल यादव पिता स्व. परसराम यादव उम्र 36 साल निवासी गठुला को शहर में घुमते पाये जाने पर अभिरक्षा मे लेकर धारा छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

## पहला कॉलम...

### दिव्यांश त्रिपाठी का केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय में हुआ चयन- हर्ष



राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित तिवारी भोजनालय के संचालक पंडित कृष्णकांत त्रिपाठी एवं माता श्रीमति नीलम त्रिपाठी निवासी कैलाश नगर के सुपुत्र चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट दिव्यांश त्रिपाठी का चयन भारत शासन के अधीन ऊर्जा मंत्रालय में हुआ है। उनकी सफलता पर समस्त त्रिपाठी परिवार में हर्ष की लहर है। साथ ही अपनी कड़ी मेहनत और लगन से नगर को गौरवान्वित किया है।

### मंजुला बेन सवानी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। महेश नगर निवासी एवं लोहाणा समाज के प्रतिष्ठित स्व. नानालाल सवानी की धर्मपत्नी श्रीमती मंजुला बेन का 90 वर्ष की आयु में सोमवार सुबह 7 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजनों अलावा समाज के लोग काफी संख्या लोग मौजूद थे। वे अपने पीछे चार बेटों ललित भाई एवं गोविंदा भाई, सुनील, जितेंद्र व दो बेटियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्रीमती मंजुला बेन, प्रवीण भाई सवानी की चाची तथा हिमांशु सवानी, निलेश की दादी और पत्रकार लोकेश सवानी की छोटी दादी थी।

### सुमित्रा पटेल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थल ग्राम धामनसरा सरपंच प्रतिनिधि कृत लाल पटेल के माताश्री श्रीमती सुमित्रा पटेल के आकस्मिक निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार धामनसरा मुक्तिधाम किया गया, जिसमें पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव जनपद प्रतिनिधि अभिषेक चंद्राकर पूर्व सरपंच पुनू राम पटेल लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच ढोडिया दिल्लू साहू सरपंच प्रतिनिधि बुचीभरदा राहुल साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि केशव साहू उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव राजू भाई पूर्व पार्षद महेश साहू शिक्षक संतोष देशमुख माधो उइके सचिव तिलेश्वर साहू बिसे पटेल दिलीप साहू देबू यादव नीलम यादव सहित बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहा।

### बिसनलाल सहारे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय भरकापारा वार्ड नं. 27 निवासी बिसनलाल सहारे आयु 75 वर्ष का आकस्मिक निधन 22 सितम्बर सोमवार को प्रातः 11 बजे हो गया। सरल स्वभाव के धनी श्री सहारे अपने पीछे एक पुत्र का भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से मुक्तिधाम लखोली हेतु दोपहर चार बजे निकाली गई। शवयात्रा में बडी संख्या में सामाजिक बंधु, परिवारिकजन, मोहल्लेवासीगण शामिल रहे।

# नगर निगम ने किया क्वांर नवरात्रि पर्व के लिये व्यापक व्यवस्था

### अधिकारियों व कर्मचारियों को आयुक्त ने सौपा दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के अनुक्रम में 22 सितम्बर 2025 से 1 अक्टूबर 2025 तक आयोजित क्वांर नवरात्रि पर्व पर नगर निगम द्वारा पदयात्रियों की सुविधा के लिये बने पंडालों एवं शहर में मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि क्वांर नवरात्रि में पद यात्रियों के लिये शहर में बने पंडालों एवं शहर में मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके लिये कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा (मो.नं. 70008-62950) को नोडल अधिकारी तथा प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू (मो.नं. 78285-23391) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी उप अभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौंपा गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व में पदयात्री पंडालों में प्रातः 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 6 बजे तक तीन पालियों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था के लिये उप अधियंताओं की ड्यूटी लगायी गयी है, साथ ही तीनो पालियों में साफ सफाई के लिये स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, (मो.नं. 79996-98498) को सफाई व्यवस्था प्रभारी का दायित्व सौपा गया है। स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई दरोगा इनके सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। इसी प्रकार डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री मार्ग में प्रकाश व्यवस्था का दायित्व उपअभियंता अशोक देवांगन (मो.नं. 83597-92380) को सौपा गया है। इनके सहयोगी उपअभियंता एवं लाईनमेन रहेंगे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि उपरोक्त अधिकारी कर्मचारी सौपे गये दायित्वों का नोडल अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन मे रहकर निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त कार्यो में लगाये गये अधिकारी कर्मचारी आवश्यक सेवा संधारण नियम के अंतर्गत माने जायेगे, सौंपे गये कार्यो का निर्वहन पर लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने की दशा में कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## कलेक्टर ने छुरिया तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय आने वाले नागरिकों की समस्याओं को नियमानुसार शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील न्यायालय में लंबित प्रकरणों को समय-सीमा मे निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में आए नागरिकों से भी बातचीत की और आने का कारण पूछते हुए उनकी समस्याएँ सुनी एवं अधिकारियों से उनके आवेदन पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार विजय कोठारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर में गांजा विक्रय करने आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



### आरोपी के कब्जे से 1.61 किलो गांजा व बिक्री रकम जब्त, भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने शहर में गांजा बेचने वाले आरोपी को धरदबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1,61 किलो ग्राम गांजा और बिक्री की रकम 300 रुपए जब्त की है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि गांजा बेचने के आरोपी महावीर यादव के विरूद्ध पूर्व में थाना बसंतपुर में मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध है। उन्होंने बताया कि आरोपी महावीर यादव उर्फ टोबू पिता सतीष यादव उम्र 24 साल निवासी जमातपारा जो कि 22 सितंबर सोमवार को जमातपारा नेहरू पार्क के पास गांजा बिक्री करने की सूचना मिली। इस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु हमराह स्टॉफ के मौके पर पहुंचकर आरोपी महावीर यादव को धर दबोचा गया और उसे अवैध रूप गांजा बिक्री करते पाये जाने से आरोपी के कब्जे से 1.61 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं बिक्री रकम 300/रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को ज्यूडिशयल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

# शक्तिधाम महाकाली मंदिर में 71 मनोकामना ज्योत जलकर फैली भक्ति की रोशनी



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्र की शुरुआत के साथ ही शक्तिधाम महाकाली मंदिर (बाबूटोला, वार्ड क्रमांक 1) में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर साल की तरह इस बार भी यहां नवरात्र महापर्व को लेकर विशेष तैयारी की गई है। भक्तों की मनोकामना को समर्पित 71 ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। मंदिर परिसर भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

मंदिर प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि बीते वर्षों में जहां 31 मनोकामना ज्योतें जलाई जाती थीं, वहीं इस बार संख्या बढ़कर 71 हो गई है। दुर्ग, भिलाई, रायपुर, उत्तरप्रदेश और जिले के वनांचल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और अपनी आस्था के दीप जलाए।

इस बार पंचमी तिथि पर मां महाकाली को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों सहित 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। इस दिन माता का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

मंदिर समिति ने बताया कि नवरात्र के हर दिन अलग-अलग आयोजन होंगे, लेकिन पंचमी को खास तैयारियां की जा रही हैं। 22 सितंबर को शारदीय नवरात्र के पहले दिन से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के दर्शन के लिए सुबह से ही कतारें लग गईं। मंदिर परिसर में माहौल पूरी तरह भक्तिमय है। जयकारों से पूरा इलाका गूंज रहा है।

मंदिर समिति का कहना है कि हर साल भक्तों की संख्या और मनोकामना ज्योति कलशों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे यह साफ है कि लोगों की आस्था लगातार मजबूत हो रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और सफाई को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। स्वयंसेवकों की टीम पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है।


# पदयात्रा मार्ग की अनदेखी से दुर्घटना की आशंका- जमाल खान



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा कर रहे हैं। हजारों की संख्या में महिला और पुरुष बिना चप्पल-जूते के रायपुर, दुर्ग, भिलाई व राजनांदगांव होकर डोंगरगढ़ की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन पदयात्रा मार्ग की अव्यवस्था और लाइट-ट्रैफिक प्रबंधन की अनदेखी से गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

भाजपा की युवा नेता जमाल खान ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता और तत्परता के साथ निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि खासकर मोतीपुर, बजरंगपुर और नवागांव क्षेत्र में यातायात का दबाव अधिक रहता है। ये क्षेत्र घनी आबादी वाले हैं, लेकिन यहां प्रकाश व्यवस्था और ट्रैफिक कंट्रोल की स्थिति बेहद खराब है। जमाल खान ने बताया कि मोतीपुर रेलवे अंडरब्रिज की स्थिति तो और भी चिंताजनक है। यहां दिन के समय भी प्रकाश की आवश्यकता महसूस होती है। थोड़ी-सी बारिश होने पर पानी भर जाता है और बादल छाए रहने पर अंधेरा-सा हो जाता है।

इस कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन और नगर निगम दोनों को मिलकर तत्काल आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने ने यह भी कहा कि मोतीपुर, बजरंगपुर, नवागांव और उससे आगे के क्षेत्रों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था न के बराबर है। इस वजह से न केवल श्रद्धालु असुविधा झेलते हैं, बल्कि जहरीले जीव-जंतुओं और अन्य दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। हालांकि इस मामले में नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव ने व्यवस्था सुधारने की पहल शुरू कर दी है लेकिन जमाल खान ने अधिकारियों से अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करें।







**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202509093700037

अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद मोबिन आ. सलीम मोहम्मद एवं अन्य, निवासी-रानी सूर्यमुखी देवी वार्ड, गुडाखूलाईन, राजनांदगाँव द्वारा शहर राजनांदगांव के मोहल्ला हमालपारा स्थित शीट क्रमांक 48 ए, भूखण्ड क्रमांक 276/3, क्षेत्रफल 9.45 वर्गमीटर जो धारक धर्मेन्द्र सिंह क्षत्रीय आ. हृदय नारायण क्षत्रीय, निवासी-पंचशील नगर, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 08.10.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्‌घोषणा आज दिनांक 22.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगाँव**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-6-7
447-5 480-2

राजधानी
1-4-9
140-5 299-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## आज आयुर्वेद के ज्ञान एवं महत्ता-जीवन के लिए विज्ञान विषय पर कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। 10वें आयुर्वेद दिवस पर 23 सितम्बर को सुबह 7 बजे शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में जनमानस एवं ग्रहों के लिए आयुर्वेद थीम पर आयुर्वेद के ज्ञान एवं महत्ता-जीवन का विज्ञान विषय पर समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से शामिल होने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, अध्यक्ष नगर पालिक निगम पारस वर्मा, पार्षद शैंकी बग्गा, सुनील साहू, सावन वर्मा, शिव वर्मा, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, श्रीमती श्रुति लोकेश जैन उपस्थित रहेंगे।

# शराब पीने के पैसे की मांग करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा




### एक आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश जारी

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र में गत दिनों प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने वाले फरार आरोपी को धर दबोचा है वहीं एक और अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी भूषण उईके आपराधिक प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध थाना बसंतपुर में मारपीट, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है उसे गिरफ्तार के न्यायालय में पेश किया गया हं। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 14 सितंबर को वह अपने दोस्तो के साथ मोहारा ओव्हर ब्रिज के पास खडे होकर बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान देवा यदु, भूषण उईके एवं उसके अन्य साथी इन लोगो को शराब पीने के नाम से पैसे की मांग करने लगे तथा नही देने पर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं बीयर की खाली बोतल से मारपीट किया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 430/25 धारा 296, 115(2), 119(2), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**नंदई बस्ती से आरोपियों को किया गिरफ्तार**

श्री साहू ने बताया कि विवेचना के दौरान आरोपी देवा यदु पिता कृष्णा निवासी नंदई कुंआ चौक थाना बसंतपुर एवं इमरान खान पिता अजहर खान उम्र 23 साल निवासी बैंगापारा लखोली को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया तथा प्रकरण के दो अन्य आरोपी भूषण उईके पिता मनोज उईके व महेन्द्र उर्फ गुलशन उर्फ गुल्लू निवासी नंदई बस्ती अखाडा चौक को सोमवार 22 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

# आरोग्यम हॉस्पिटल, दुर्ग बना दिल के इलाज का भरोसेमंद केंद्र




दुर्ग (दावा)। हृदय रोगियों के लिए बड़ी राहत की खबर है, आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, दुर्ग ने मात्र 6 महीनों में 100 सफल एंजियोप्लास्टी कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि न सिर्फ़ हॉस्पिटल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती का प्रमाण भी है। आपके दिल का सच्चा साथी के संकल्प के साथ आरोग्यम हॉस्पिटल की डेडिकेटेड कार्डियोलॉजी टीम लगातार मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर हॉस्पिटल परिसर में डॉक्टरों और स्टाफ ने केक काटकर सफलता का जश्न मनाया और इसे मरीजों के विश्वास तथा टीम की मेहनत का नतीजा बताया। विशेषज्ञों का कहना है कि अब दुर्ग-रायपुर-राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ के हृदय रोगियों को बड़े शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं है। विश्व स्तरीय तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों के साथ आरोग्यम हॉस्पिटल ने यह साबित कर दिया है कि गंभीर हृदय रोगों का बेहतर इलाज अब यहीं संभव है।

## बिल्डर सिंघानिया के नाम से 8.70 लाख रुपये की ठगी, बैंक अधिकारी को बनाया निशाना

रायपुर। आमानाका थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडियन ओवरसीज बैंक टाटीबंध शाखा से धोखाधड़ी कर 8 लाख 70 हजार रुपये की राशि अवैध रूप से ट्रांसफर कर ली गई। रकम बैंक ऑफ इंडिया के खाते में भेजकर आगे कोटक महिंद्रा बैंक कोलकाता के खाते में डाल दी गई। इसके बाद पैसा वहां से सोना खरीदने में उपयोग कर लिया गया।

# धूमधाम के साथ विराजी मां दुर्गा, मंदिरों में जगमग जले आस्था के ज्योत



○ नवरात्रि पर्व का हुआ आगाज, नौ दिनों तक चलेगा पूजा-आराधना का दौर
○ मातारानी की भक्ति की बहेगी बयार, सेवा-जस गान से गुंजायमान होगा माहौल



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा की तरह शारदीय नवरात्रि में दुर्गोत्सव की भी धूम बनी रहती है। सोमवार 22 सितंबर से प्रारंभ हुए क्वांर नवरात्रि पर्व पर शहर सहित अंचल भर में धूमधाम के साथ आदि शक्ति मां दुर्गा,काली, सरस्वती प्रतिमा की स्थापना की गई। भक्तों द्वारा मातारानी की आकर्षक व मनोहारी प्रतिमाओं को बाजे-गाजे के साथ मूर्तिकारो के यहां से लिवा लाए। सोमवार को नवरात्रि के प्रथम दिन सुबह से लेकर देर रात तक मातारानी की प्रतिमाओं के लाने का क्रम बना रहा। दुर्गोत्सव समिति के भक्तों द्वारा मां दुर्गा भवानी की प्रतिमाओ को लाकर आकर्षक रुप से सजे दुर्गा पंडाल में पूजा- आराधना के साथ विराजमान कराया गया। इस दौरान श्रद्धालु-भक्तों की मातारानी के प्रति भक्ति-भावना देखते ही बनती थी। ढोलक मांदर की थाप में मां की भक्ति में नृत्य करते कलाकार व भगवान शिव-पार्वती व अन्य देवी-देवताओं के रुप धरे कलाकार लोगों का मनमोह ले रहे थे। वहीं समितियों के लोगों द्वारा मां की भक्ति में भजन-कीर्तन व जस सेवा गान भी माहौल में गुंजायमान बना रहा।

शहर के रामाधीन मार्ग स्थित परमहंस दुर्गोत्सव समिति, गंज लाइन दुर्गोत्सव समिति, दुर्गा चौक, जमात पारा, ठेठवार पारा, हाथीथान पारा, जनता कालोनी, हमाल पारा, चिखली, स्टेशन पारा, इंदिरा नगर, बसंतपुर व अन्य प्रतिष्ठित दुर्गोत्सव समितियों द्वारा मूर्तिकारों के यहां से बाजे-गाजे के साथ मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा लाया गया और विधिः विधान के साथ विराजमान कराया गया। इसके बाद से नौ दिनों के लिए माता की भक्ति पूजा-अर्चना के साथ नवरात्रि ध्यान-साधना उपासना का दौर प्रारंभ हो गया है।

### देवी मंदिरों में जले आस्था के ज्योत

शहर में रियासत कालीन मां शीतला की विशेष महत्व है। सोनार पारा स्थित नगर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला में नवरात्रि पर व्यापक तैयारियां की गई है। शीतला मंदिर के पुजारी राजु दुबे ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शहर की सुख- शांति व खुशहाली के लिए राज परिवार की ओर से एक ज्योत तथा पुजारी परिवार से एक ज्योत सहित भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए 14 सौ ज्योत तेल के तथा दो सौ ज्योत घी के प्रज्वलित किए गए हैं। इसके अलावा जी.ई. रोड स्थित मां पाताल भैरवी मंदिर, काली माई मंदिर भरकापारा, महामाई मंदिर कसाई पारा, दुर्गा मंदिर किला पारा, फिरंतीन माता मंदिर नंदई व कौरिनभाठा, वैष्णवी दुर्गा मंदिर चौखड़िया पारा, दुर्गा मंदिर लालबाग, अनुपम नगर, मां चंडी मंदिर लखोली नाका, सुकुलदैहान बह्मनी, मां भानेश्वरी सिंघोला में भी भक्तों द्वारा आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए गए हैं।

### सेवा जस गान व गरबा उत्सव की रहेगी धूम

बता दें कि नवरात्रि के नौ दिनों तक शहर सहित अंचल भर में मातारानी की शान में सेवा जस गान व रास गरबा उत्सव की धूम बनी रहती है। इस बार भी शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पंडालो व देवी मंदिरों में सेवा जस गान से माहौल गुंजायमान बना रहेगा वहीं शहर के मठपारा रोड स्थित शिवनाथ वाटिका, केसर नगर गायत्री विद्यापीठ मैदान, लोहाणा महाजन बाड़ीं, कन्हारपुरी व अन्यान्य जगहों में गरबा उत्सव की धूम रहेगी। गरबा प्रेमी जन मातारानी की भक्ति में जमकर गरबा खेलेंगे और अपने एक-एक पैतरे से लोगों को विमोहित कर मां के प्रति अपनी श्रद्धा भावना को प्रकट करेंगे।

### नवरात्रि को लेकर सजा बाजार, बिखरी रौनक

बता दें कि मां शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। नौ दिनों की नवरात्रि पर्व को लेकर बाजार सज गया है। बाजार में मातारानी की चुनरी, साड़ी सौंदर्य प्रसाधन की चीजें से लेकर पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई हैं। जयस्तंभ चौक से लेकर मुख्य मार्केट गोलबाजार व अन्य स्थानों में पूजा सामग्रियों की सजी दुकानों में ध्वज पताका से लेकर माता जी की श्रृंगार सामग्री, पान-सुपारी, नारियल और सजावट सामानों की धड़ल्ले से खरीदारी हो रही है। वहीं जंवारा बोने के लिए कुम्हारों के पास से ज्योति कलश ,नांदी खप्पर, मिट्टी के दीए आदि की खरीदारी भी बनी हुई है। शहर सहित अंचल भर में दुर्गोत्सव पर्व की बनी धूम के बीच रंगबिरंगी विद्युत झालरों से की गई लाइटिंग व्यवस्था व आकर्षक दुर्गा प्रतिमाओं को देखने लोगों की भीड़ उमड़ेगी। नौ दिनों तक मातारानी की भक्ति से पूरा माहौल धर्म मत बना रहेगा।

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमृत मिशन 2.0 और अटल परिसर का किया निरीक्षण



निर्माणाधीन विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया प्रवास के दौरान निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमृत मिशन 2.0 और अटल परिसर सहित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया में 2 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया नये भवन में शिफ्ट होने पर स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनसामान्य को मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकेंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया में अमृत मिशन 2.0 के तहत 29 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर टैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने डबल नल कनेक्शन नहीं देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन अटल परिसर का भी निरीक्षण किया और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार विजय कोठारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण





निगम में आयोजित शिविर में शासन की योजना का लाभ देने हुआ पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत 22 सितम्बर से 24 सितम्बर तक आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में आज नगर निगम सभागृह में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान, रजत जयंती वर्ष 2025 के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक कराया जाना है, निर्देश के क्रियान्वयन के तहत स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है, जिसमें नागरिको, वार्डवासियों, सामाजिक संस्थाओं के साथ सार्वजनिक स्थलों में साफ-सफाई, विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा स्वच्छता अभियान में स्वच्छता ही सेवा पर स्वच्छता अपनाने शपथ दिलायी गयी तथा लोगों से स्वच्छता अपनाने, साफ सफाई से जुड़ने अपील की गयी।

इसी तारतम्य में 22 से 24 सितम्बर तक सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर आयोजित करने की कडी में आज नगर निगम में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित दो मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 100 से अधिक सफाई मित्रों तथा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 41 कर्मियों का लेब टेस्ट तथा 82 कर्मियों को दवा वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य योजना के तहत 41 प्रकार के लेब टेस्ट उपलब्ध है, जिसमें आज के शिविर में शुगर, डी-3, बी-12, सी.बी.सी. थायराईड व एच.बी. आदि टेस्ट किया गया। इसके अलावा निगम सभागृह में आयोजित पंजीयन शिविर में श्रम विभाग की योजनाओं तथा आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सुक्षा बीमा योजना जैसे अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों को लाभ देने पंजीयन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन 24 सितम्बर तक किया जायेगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव के तहत कचरा मुक्त करने कचरा पृथककरण, साफ सफाई के संबध में लोगों को समझाईस दिया जा रहा है, साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, तालाबों आदि में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## युकां ने किया गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन

डोंगरगांव (दावा)। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला पर कथित रूप से जबरन दर्ज की गई, एफआईआर के विरोध में युवा कांग्रेस डोंगरगांव द्वारा गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि बस्तर ओलंपिक में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए प्रदेश महासचिव श्री शुक्ला ने मंत्रालय में आयुक्त तनुजा सलाम के कार्यालय का घेराव किया व भ्रष्टाचार का विरोध किया। जिस पर पुलिस ने श्रीमती सलाम के निर्देश पर द्वेषपूर्ण कार्यवाही करते हुए भावेश शुक्ला एवं अन्य साथियों को गिरफ्तार किया और एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्यवाही की. जिसके विरोध में युवा कांग्रेस ने सोमवार को गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इसी फर्जी कार्यवाही से डरने वाले नहीं है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र साहू, राकेश साहू, प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, श्रुति शुक्ला, रितेश राजपूत, शशांक खोब्रागढ़े, पुष्पेंद्र नेताम, वसीम अहमद, अमित ठाकुर, अब्दुल, संदीप रत्नाकर, आरती कोरे, प्रमोद साहू, राकेश साहू, बंटी मंडावी, गिरीश साहू, कोमल मंडावी, महेश्वर खरे, सुभाष पटेल, मोनू पटेल, मनीष पटेल, रुपेश पटेल, सत्तू पटेल, तुषार यादव, मनीष पटेल, पियूष निषाद, चोंटू पटेल अज्जू पटेल, टेकश्वर पटेल, धर्मेंद्र पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के व्यस्ततम स्थल मानव मंदिर चौक स्थित गणेश मेडिकल एवं नरेश वाच सेंटर में गत दिनों हुई चोरी के संबंध में आज तक सुराग नहीं मिलने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शहर के व्यापारियों ने आक्रोशित होकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपा। चेंबर के नेताओं ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि पूरी टीम मुस्तैदी से इस अभियान में लगी हुई है और जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे।

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के नेताओं ने बताया कि उन्होंने प्रशासन को अवगत कराया है कि इस तरह से सरेआम शहर के हृदय स्थल पर चोरी होना अपने आप में कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बाफ़ना, भिमन धनवानी, महामंत्री अरुण डुलानी, रानू जैन, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, हरीश मोटलानी, संजय श्रीमाल, अनिल परचानी, राहुल बोहरा, राजू भंसाली, राजकुमार बाफना, देवव्रत गौतम, कचरू प्रसाद, नरेंद्र शर्मा, श्याम सोनी, रमेश शर्मा, संजय शर्मा, सुरेश शर्मा, गुंजन गुप्ता, बृजेश शर्मा, लोकेंद्र साहू, अशोक मोतीरामानी, कमल पंजवानी भूपेंद्र वाजपेई, प्रेम वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

### आज रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। 10वें आयुर्वेद दिवस पर 23 सितम्बर 2025 को सुबह 7 बजे शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर आयुर्वेद में नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## छत्तीसगढ़ 2047 की अवधारणा पर रॉयल कॉलेज में सेमिनार



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल कॉलेज लालबाग राजनांदगाँव में 16 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक चौधरी (उपाध्यक्ष लाल चन्द्र बहादुर एजुकेशनल सोसायटी) थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं राजकीय गीत से हुआ। श्री चौधरी ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास पर प्रकाश डाला एवं अपने विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात बीएड, बीएससी, बीकॉम, के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी वेशभूषा एवं आभूषणों को धारण कर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में बीएड, बीएससी, बीकॉम के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, डॉ. अनुराधा शुक्ला प्राचार्य, श्रीमती इला सिंह (एडवाइजर), डॉ. यामिनी साहू उप-प्राचार्य, डॉ. संध्या मोहबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. महोबे, श्रीमती शशिकला सिंह ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उत्साहवर्धन किया एवं योगदान दिया।

## मातारानी के पूजन के साथ लायन्स क्लब राजनांदगांव सिटी के गरबा उत्सव का हुआ भव्य आगाज



रंग-बिरंगी डिजिटल लाइट व आकर्षक म्यूजिक के बीच जमकर थिरके गरबा प्रेमी

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन दिन लायन्स क्लब राजनांदगांव सिटी के गायत्री विद्यापीठ के विशाल मैदान में आयोजित भव्य गरबा उत्सव में गरबा प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी। आगत अतिथियों के द्वारा जगतजननी मां दुर्गा भवानी की पूजा-अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुए लायन्स क्लब के इस भव्य गरबा उत्सव में डिजिटल लाइट की चकाचौंध में लोग जमकर थिरके और गरबा नृत्य कर मातारानी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। केसर नगर के विद्यापीठ मैदान में आयोजित इस भव्य गरबा उत्सव के प्रथम दिन के मुख्य अतिथि शहर के महापौर मधुसूदन यादव थे वहीं विशेष अतिथि के रुप में आज स्थानीय दैनिक सवेरा-संकेत के प्रधान संपादक सुशील कोठारी, समाजसेवी सिद्धेश बरडिया व सूर्यकांत चितलांग्या उपस्थित रहें।

### डिजिटल लाइटिंग व डीजे की मधुर स्वर लहरियों का बना आकर्षण

लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी गरबा उत्सव-2025 के चेयरमैन ला. राजा माखीजा ने बताया कि आगत अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष ला. अमित खंडेलवाल, सचिव-ला. मयंक शर्मा, मानव देशमुख आदि ने किया। इसके पश्चात रंग-बिरंगी डिजिटल लाइटिंग व मधुर स्वर लहरियां बिखेर म्यूजिक के बीच बड़ी संख्या में लोग जमकर गरबा खेले और एक-एक स्टेप्स के साथ मनोहारी गरबा नृत्य का प्रदर्शन करते हुए लोगों का मनमोहा।

लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी गरबा उत्सव-2025 के चेयरमेन राजा माखीजा ने बताया कि इन दिनों बारिश-पानी के आसार बने हुए हैं। इसे देखते हुए क्लब द्वारा गायत्री विद्यापीठ स्कूल परिसर के विशाल शेड नीचे गरबा उत्सव की व्यवस्था की गई है। मौसम साफ रहने पर गायत्री विद्यापीठ स्कूल के विशाल मैदान में मनोहारी नृत्य स्टेप के साथ गरबा उत्सव का रंगारंग आयोजन होते रहेगा। नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां ही गरबा उत्सव की रंग-बिरंगी छटा बिखरेंगी।

लायन्स क्लब नांदगांव सिटी के इस भव्य गरबा उत्सव के आशीर्वादक पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना, उमेंद कोठारी, श्रीमती शारदा तिवारी, मनदीप झज है। नौ दिनों तक अबाध रुप से चलने वाले लायंस गरबा उत्सव की सफलता के लिए क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल चेयरमेन राजा माखीजा, संयोजक-बृजकिशोर सुरजन, चेयरमैन-राजा माखीजा, नेहा गुप्ता, संतोष लोहिया, राजकुमार शर्मा, अशोक पवार, तरणदीप सिंह अरोरा, मानव देशमुख, शोभा चौरसिया, टीना खंडेलवाल, शोभा शर्मा, सुरेश शर्मा, मुकेश चौबे, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, कंचन चौबे, मुकेश शर्मा, रणदीप सिंह भाटिया आदि जुटे हुए हैं।

## शंकराचार्य मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज तथा मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से 9 दिवसीय नि:शुल्क मैडिकल कैंप



मां बमलेश्वरी के दर्शनार्थियों की सेवा के लिए मेडिकल कैंप की नितांत आवश्यकता थी - सांसद संतोष पांडे

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी के क्षीरपानी प्रांगण में श्री शंकराचार्य मेडिकल तथा नर्सिंग कॉलेज के तत्वाधान में तथा मंदिर ट्रस्ट समिति के सहयोग से 9 दिवसीय निःशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन दर्शनार्थियों एवं नगर वासियों के लिए किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन नवरात्रि के प्रथम दिन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद संतोष पांडे उपस्थित रहे। साथ इस कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी महेंद्र भाई पटेल नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे तथा आईटीबीपी के रिटायर्ड कमांडेंट तरुण कुमार,सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल व मंदिर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की मेजबानी स्वरूप आनंद इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉक्टर दीपक शर्मा तथा शंकराचार्य ग्रुप की डायरेक्टर डॉक्टर श्रीमती मनीषा शर्मा ने की। कैंप का उद्घाटन फीता काटकर तथा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात डॉ दीपक शर्मा एवं डॉक्टर मनीषा शर्मा द्वारा सांसद एवं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत डॉक्टर अभिषेक चक्रवर्ती के द्वारा किया गया तथा आमंत्रित सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

अपने उद्बोधन में सांसद संतोष पांडे जी ने इस मेडिकल कैंप के लिए डॉक्टर दीपक शर्मा डॉ मोनिशा शर्मा तथा शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के ग्रुप को धन्यवाद ज्ञापित किया। कहां की इस मेडिकल कैंप की काफी आवश्यकता थी। क्योंकि साल दर साल दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है तथा डॉक्टरों के मौजूद होने पर विषम परिस्थितियों में दर्शनार्थियों को जरूरी मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी इस कैंप से दर्शनार्थियों को एवं नगर वासियों को लाभ मिलेगा द्य मंचासीन सभी अतिथियों ने मेडिकल कैंप के सफल आयोजन की कामना की कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर मनीष शर्मा द्वारा सांसद संतोष पांडे को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तथा भविष्य में भी ऐसे केंपो को डोंगरगढ़ शहर में आयोजित करते रहने की बात की। कैंप के आयोजन के रूप में डॉक्टर वीणा राजपूत प्रिंसिपल नर्सिंग कॉलेज तथा डॉ रवीना वाइस प्रिंसिपल नर्सिंग कॉलेज एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित थी। इस कैंप के व्यवस्थापक के रूप में डॉक्टर अभिषेक चक्रवर्ती उपस्थित रहे। तथा कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

## मोहड़ में ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा को लेकर हुआ हंगामा

पहले भी ग्राम में मतांतरण की बात को लेकर हो चुका है बवाल

राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों अवैध रुप से रेत निकासी को लेकर गोलियां चल जाने वाले मोहड़ वार्ड एक बार ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा को लेकर सुर्खियों में आ गया है। बताया जाता है कि रविवार को मोहड़ में ईसाई धर्म अनुयायियों द्वारा की गई प्रार्थना सभा के कारण गांव में बखेड़ा पैदा हो गया। ग्रामीण वार्ड मोहड़ के ग्रामीणों ने ईसाईयों के इस प्रार्थना सभा का विरोध किया गया। बताया जाता है कि रविवार की सुबह 9 बजे के आसपास मोहड़ निवासी महेश्वर मेहर के घर कुछ लोग आए हुए थे। इनकी गतिविधियां पर कई दिनों से बनी हुई थी। महेश्वर के घर बाहर से आए लोगों को देखते हुए ग्रामीणों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। लोगो ने वहां यह कहकर विरोध करना शुरू कर दिया कि वहां मतांतरण का खेल चल रहा है।

### प्रार्थना की आड़ में मतांतरण का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि बाहर से आए व्यक्तियों द्वारा प्रार्थना की आड़ में ग्रामीणों की उकसाया जा रहा है। इसे लेकर लोगों की भीड़ जुटते ही मामला गरमाने लगा। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बसंतपुर पुलिस ने महेश्वर और उसके साथ अन्य व्यक्तियों को थाने लेकर आई और उनसे पुछताछ किए जाने पर बताया गया है वे पिकनिक पर जाने के लिए मोहड़ पहुंचे हुए थे। इधर ग्राम वासियों का कहना है कि मोहड़ में महेश्वर मेहर के यहां इसाई समुदाय के लोगों का लगातार आना- जाना बना रहता है। प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों को उकसा कर मतांतरण किया जा रहा है।बता दें कि मोहड़ में ईसाई धर्म के लोगों द्वारा भोले-भाले ग्रामवासियों को बहकाकर उन्हें मतांतरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। इस बार भी पुनः वहीं मामला सामने आया है। बसंतपुर पुलिस ने थाने लाए गए व्यक्तियों को समझाइश देकर छोड़ दिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
(निर्माण संस्था)
ई-निविदा सूचना

(1) क्रम संख्या: निविदा सूचना संख्या: सीईसी-एनजीपी-25-26-03, दिनांक: 15.09.2025 (खुली ई-निविदा) (सिंगल पैकेट प्रणाली)

विषय: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में डोंगरगढ़-गोंदिया के बीच प्रस्तावित चौथी लाइन परियोजना के संबंध में महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में निजी भूमि का अधिग्रहण, वन भूमि का डायवर्जन, वन एवं वन्यजीव मंजूरी।

निविदा मूल्य: 73,20,000/- बयाना राशि: 1,46,400/- निविदा दस्तावेज़ का मूल्य: शून्य कार्य पूरा होने की अवधि: स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 (बारह) महीने। निविदा समापन तिथि एवं समय: 16.10.2025, 15.00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 16.10.2025, 15.30 बजे तक

निविदा दस्तावेज़: पात्रता मानदंडों और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया मुख्य परियोजना प्रबंधक, पश्चिमी अधिकारी/निर्माण/द.पू.म. रेलवे/नागपुर, पिन: 440001 या उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/ द.पू.म. रेलवे/नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण
द.पू.म., रेलवे, नागपुर
AAA/27/130

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> "बिना अभ्यास और तैयारी के लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है।

# नई आपदा में छिपे नए अवसर, हमें तकनीकी दक्ष लोगों की उपलब्धता बनाए रखनी होगी

निश्चित रूप से अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों के लिए वापस लौटने और अपनी स्किल एवं आईडिया से स्वदेश में योगदान देने का मौका है। इससे च्आत्मनिर्भर भारतज् मुहिम को भी गति मिलेगी। ट्रंप द्वारा लगाई गई ऊंची फीस की आपदा को अवसर में बदलने के लिए हमें अन्य कई बातों पर भी ध्यान देना होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा शुल्क को बढ़ाकर एक लाख डालर यानी करीब 88 लाख रुपये कर दिया है। हालांकि यह नया नियम केवल नए वीजा आवेदकों पर ही लागू होगा। यह कोई वार्षिक शुल्क नहीं है। जिन लोगों के पास पहले से ही एच-1बी वीजा है और जो इस समय अमेरिका से बाहर हैं, उनसे पुनः प्रवेश के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा। जहां ट्रंप ने इस फैसले का बचाव अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के लिए एक उपाय बताते हुए किया है।

साथ ही तर्क दिया है कि आउटसोर्सिंग कंपनियों ने इस कार्यक्रम का इस्तेमाल अमेरिकी कर्मचारियों की जगह सस्ते विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए किया है। वहीं कई अमेरिकी सांसदों और सामुदायिक नेताओं ने ट्रंप के इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और निरर्थक बताते हुए कहा है कि इससे अमेरिकी आईटी उद्योग पर बहुत नकारात्मक असर पड़ेगा। यह अमेरिका को उच्चकोटि के कुशल कामगारों से वंचित करने वाला फैसला है। अमेरिका हर साल 65,000 एच-1बी वीजा और 20,000 अतिरिक्त वीजा देता है।

इनमें से लगभग 70 प्रतिशत वीजा भारतीयों को मिलते हैं। एमेजोन, माइक्रोसाफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों के हजारों कर्मचारी एच-1बी पर वहां काम करते हैं। वहीं कई भारतीय कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो, एचसीएल और काग्निजेंट भी अमेरिका में काम करने के लिए इसी वीजा पर काफी निर्भर हैं। ऐसे में कुशल कामगारों को नियुक्त करने वाली छोटी कंपनियां और स्टार्टअप्स ट्रंप के फैसले से मुश्किल में आ जाएंगे। वीजा शुल्क में इस बदलाव से अमेरिका में भारतीय आईटी इंजीनियरों की नौकरियों पर भी खतरा बढ़ेगा।

निश्चित रूप से ट्रंप का यह फैसला भारत के आईटी क्षेत्र और भारतीय प्रतिभाओं के लिए एक आपदा की तरह है, लेकिन यह कई मायनों में अवसर भी बन सकता है। ऐसे आसार हैं कि भारी वीजा शुल्क से अमेरिकी कंपनियां अपनी नौकरियां विदेश यानी भारत जैसे देशों में शिफ्ट करने पर मजबूर हो जाएंगी। ऐसा होने पर ट्रंप की यह नीति अमेरिका के बजाय भारत और दूसरे देशों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की स्थापना भी की जा सकती है और इसमें भारत की प्रतिभाओं को अधिक मौके मिलेंगे। जीसीसी जाब मार्केट में नया चलन है।

यह आईटी सपोर्ट, कस्टमर सर्विस, फाइनेंस, एचआर और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित करती हैं। हाईस्किल युवाओं के होने के कारण भारत जीसीसी के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा हब बनता हुआ दिखा रहा है। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। अभी देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी बाजार का आकार 5.4 लाख करोड़ रुपये का है। 2030 तक इसके 8.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ने से दुनिया की प्रतिभाएं अमेरिका नहीं जा पाएंगी। इससे वहां इनोवेशन भी घट सकती है और भारत के इनोवेशन में नई जान आ सकती है। उम्मीद है पेटेंट, इनोवेशन और स्टार्टअप्स की अगली लहर भारत में तेजी से बढ़ेगी। भारत की प्रतिभाओं के भारत में ही रहने से भारत में शोध एवं विकास की स्थिति मजबूत होगी। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई), 2024 में भारत अभी 39वें स्थान पर है। विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक रिपोर्ट, 2024 के मुताबिक भारत ने तीन प्रमुख बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपी)-पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइनों के लिए विश्व के शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त किया है।

अब अमेरिकी आईटी कंपनियां भारतीय कंपनियों को ज्यादा आउटसोर्सिंग का काम दे सकती हैं। इससे भारत से अमेरिका के लिए काम बढ़ेंगे। भारत ग्लोबल आउटसोर्सिंग का नया हब बनने की डगर पर आगे बढ़ सकेगा। पिछले कई वर्षों से आउटसोर्सिंग के क्षेत्र में भारत की प्रगति के पीछे देश में संचार का मजबूत ढांचा होना एक प्रमुख कारण है। दूरसंचार उद्योग के निजीकरण से नई कंपनियों के अस्तित्व में आने से दूरसंचार की दरों में भारी गिरावट आई है। उच्च कोटि की त्वरित सेवा, आईटी एक्सपर्ट और अंग्रेजी में पारंगत युवाओं की बड़ी संख्या ऐसे अन्य कारण हैं, जिनकी बदौलत भारत पूरे विश्व में आउटसोर्सिंग के क्षेत्र में अग्रणी बना हुआ है।

निश्चित रूप से अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों के लिए वापस लौटने और अपनी स्किल एवं आईडिया से स्वदेश में योगदान देने का मौका है। इससे 'आत्मनिर्भर भारत' मुहिम को भी गति मिलेगी। ट्रंप द्वारा लगाई गई ऊंची फीस की आपदा को अवसर में बदलने के लिए हमें अन्य कई बातों पर भी ध्यान देना होगा। जैसे कि आउटसोर्सिंग के लिए अमेरिकी बाजार के साथ-साथ यूरोप और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नई व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में लेना होगा। इसके लिए हमें देश में आउटसोर्सिंग के चमकीले भविष्य के लिए प्रतिभा निर्माण पर जोर देना होगा।

# विचारों को मूर्त रूप प्रदान करना : मोदी का अंदाज

**हसमुख अधिया**

नरेन्द्र मोदी की यात्रा के मूल में एक विशेष आदतः अनवरत अवलोकन निहित है। वह प्रत्येक मुलाकात को विचारों के स्रोत के रूप में देखते हैं, चाहे वह सामान्य बातचीत हो या विदेश यात्रा। लेकिन इन्हें नवीनता या अकादमिक विचार मानने वाले अनेक लोगों के विपरीत, मोदी इनमें से प्रत्येक विचार को संभावित समस्या के मूल कारण के आधार के तौर पर परखते हैं और फिर उसे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल समाधान में ढालते हैं। जिज्ञासा, विश्लेषण और प्रभावी क्रियान्वयन के इसी मिश्रण ने उन्हें जमीनी स्तर के आयोजक से एक वैश्विक राजनेता के रूप में स्थापित किया है।

वास्तव में, मोदी के लिए सीखना कभी उम्र का मोहताज नहीं रहा। बचपन से ही, उनमें सहज जिज्ञासा थी और वे विविध कहानियों और अनुभवों को आत्मसात करते और तलाशते थे। जीवन भर उनका यही विश्वास रहा है कि जिज्ञासा हर स्तर पर को सीखने को बढ़ावा देती है। यहाँ तक कि उनकी जिम्मेदारियाँ जब क्षेत्रीय नेतृत्व से राष्ट्रीय पद तक बढ़ गई, इसके बावजूद, ऐसी नियमित मुलाकातें उनके मन में विचारों को जन्म देती रहीं और छोटी-छोटी बातें सीख में बदल गईं, जो वर्षों बाद, ऐन कार्रवाई करने का समय आने पर ही फिर से उजागर हुईं।

किशोरावस्था में, ज्ञान की इसी ललक ने उनकी यात्रा का आगाज़ किया। पहले-पहल आध्यात्मिक साधक के रूप में और बाद में एक समर्पित संघ प्रचारक के रूप में उन्होंने समूचे भारत की यात्रा की और ऐसे अनुभव बटोरे, जिन्होंने दुनिया को देखने-समझने की उनकी दृष्टि को आकार दिया। हर बातचीत उनके लिए कुछ नया सीखने का अवसर थी।

लेकिन जो बात उन्हें दूसरों से जुदा करती है, वह यह है कि यह सूझबूझ केवल सैद्धांतिक नहीं रही; अवसर पाते ही, उन्होंने इसे क्रियान्वित किया। हालाँकि, समस्या-समाधान की यह कला अक्सर अप्रत्याशित तरीकों से सामने आती रही। उदाहरण के लिए, काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान, उन्होंने देखा कि कर्मचारी संगमरमर के ठंडे फर्श पर नंगे पाँव काम कर रहे थे और उन्होंने तुरंत उन कर्मचारियों के लिए जूट की चप्पलों का प्रबंध कर दिया, यह एक आसान उपाय था, जो सर्दी और आने वाली गर्मी, दोनों के लिए कारगर रहा। एक अन्य घटना में, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जापान की अपनी यात्रा के बाद, उन्होंने स्पर्शनीय मार्गचिन्ह (उभरी हुई सतह) की अवधारणा शुरु की। दृष्टिबाधित लोगों के लाभ के लिए उन्होंने इसे अहमदाबाद में



लागू करने पर ज़ोर दिया। ये संकेत उनकी एक अनवरत आदत को जाहिर करते हैं: अनदेखा कर दी गई बारीकियों को दैनिक जीवन को आसान बनाने वाले व्यावहारिक सुधारों में बदलना।

उनके कुछ विचार बीते दशकों की याद दिलाते हैं। 1993 में लॉस एंजिल्स की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने फाइनेंशियल हाई-राइजिज के समूहों का अध्ययन किया; वर्षों बाद, उन्हीं विचारों ने गुजरात में गिफ्ट सिटी को भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को केंद्रीकृत करने के केंद्र के रूप में प्रेरित किया। इसी जिज्ञासा ने अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट को आकार दिया, जहाँ उन्होंने अधिकारियों से दुनिया भर की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करवाया, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया कि अंतिम डिज़ाइन स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित रहे। उनके अनुसार, ग्लोबल मॉडल तभी मायने रखते हैं, जब उन्हें पहले स्थानीय समुदायों की सेवा के लिए अनुकूलित किया जा सके। इस पद्धति में, कोई भी अवलोकन कभी भी सराहना किए योग्य अलग-थलग विचार नहीं होता, बल्कि यह एक रिसोर्स बैंक की तरह होता है, जो परिस्थितियों के अनुकूल होने पर लौटकर आता है, और संग्रहीत विचारों को विशाल परियोजनाओं में परिवर्तित कर देता है।

2002 में, कच्छ में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मोदी ने आपदा से निपटने में इस पद्धति को अपनाया। उन्होंने नियमित नौकरशाही मॉडलों को नकारते हुए अपनी टीम को जापान के कोबे भूकंप प्रबंधन का अध्ययन करने और उसके योजनाकारों से संपर्क करने का निर्देश दिया। लेकिन उनका विचार स्पष्ट था: मॉडलों को पूरी तरह से आयातित नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, इन जानकारियों को गुजरात के लिए तत्काल आवश्यकता वाले समाधानों जैसे भूकंपरोधी आवास, सुरक्षित निर्माण पद्धतियाँ और सामुदायिक भागीदारी- में ढाला गया। भारत में यह पुनर्वास के लिए एक मानक बन गया, जिसने दिखाया कि कैसे एक संकट अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान को भारतीय पहल के साथ मिलाने का परीक्षण स्थल बन सकता है। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने इसी क्रम को जारी रखा, दक्षिण कोरिया में नदी-सफाई परियोजनाओं का दौरा इसी इरादे से किया, कि उनसे प्राप्त सबक को नमामि गंगे में लागू किया जा सके।

भारत के भीतर से उभरने वाले विचारों के प्रति भी उन्होंने उतना ही उत्साह दिखाया है। इसका उल्लेखनीय उदाहरण नैनो यूरिया है, जो एक युवा वैज्ञानिक द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए सुझाव से उपजा नवाचार है। मोदी ने तुरंत इसकी क्षमता को पहचाना और इसके विकास पर ज़ोर दिया। आज, इसकी एक छोटी बोतल पारंपरिक उर्वरक की एक बोरी की जगह ले सकती है, जिससे लागत में कमी आती है और किसानों का बोझ कम होता है। यही खुलापन सरकारी कार्यक्रमों को भी आकार देता है: जब वित्तीय समावेशन योजना के नामकरण के लिए जनता की प्रतिक्रिया मांगी गई, तो नागरिकों ने ही जन धन शब्द गढ़ा। वैज्ञानिकों और आम लोगों, दोनों के नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए मोदी ने दिखाया कि कैसे घरेलू विचारों को राष्ट्रीय समाधानों में बदला जा सकता है।

ये कहानियाँ मिलकर मोदी के जीवन के एक अनवरत सूत्र को उजागर करती हैं। मंदिर में मामूली प्रतीत होने वाली असुविधा को दूर करने से लेकर, एक आधुनिक शहर की रूपरेखा तैयार करने, किसी तबाह क्षेत्र के पुनर्निर्माण या किसी क्रांतिकारी उर्वरक को अपनाने तक, उनकी प्रक्रिया एक समान ही रही है: स्थिति का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना, लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान करना और उसे पूरा करने के लिए निर्णायक रूप से कार्य करना। आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः (प्रत्येक दिशा से कल्याणकारी विचार हमारी ओर आएँ) के भारतीय दर्शन का पालन करते हुए, मोदी हर यात्रा और संवाद से सक्रिय रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं और भारत को आगे बढ़ाने के लिए उनका उपयोग करने का दृढ़तापूर्वक प्रयास करते हैं। अंततः, उनका हर विचार लोगों के लिए होता है, उनके जीवन और विकसित भारत की उनकी आकांक्षाओं में निहित होता है।

*आईएएस अधिकारी हैं, जो भारत के वित्त एवं राजस्व सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।*

## विचार सरिता

# संयम, साधना और उपासना के हैं नवरात्रि के ये मंगलकारी नौ दिन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



दुर्गे स्मृता हरसि
भीतिमशेषः जन्तोः,
स्वस्थैः स्मृतामतिमतीव
शुभां ददासि ।
दारिद्रय दुःख भय
हारिणि का त्वदन्या
सर्वोपकार करणाय सदार्द्र चित्ता ॥

इसका अर्थ है, हे माँ दुर्गे। जब भी आपका स्मरण किया जाता है, आप सभी जीवों के भय को हर लेती हो। स्वस्थ मनुष्यों द्वारा चिंतन करने पर उन्हें परम कल्याण करने वाली बुद्धि प्रदान करती हो। दुख, दरिद्रता और भय हरने वाली हे देवी। आपके सिवा दूसरा कौन है, जिसका चित्त सबका उपकार करने के लिए सदैव दया से परिपूर्ण होता है।

आश्विन नवरात्र प्रारंभ हो चुका है। ये नौ



दिन उपासना और साधना के हैं। वर्षा और शीत ऋतु के संक्रमण काल की यह नवरात्रि माँ दुर्गा की आराधना और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए श्रेष्ठ है।

मनुष्य जीवन विभिन्न प्रकार के उतार-चढ़ाव, कठिनाइयों और सुगमता, असफलता और सफलता आदि के मिश्रित भावों से संचालित है। असफलता, असुरक्षा और अभीष्ट की अप्राप्ति का भय उसे सताते रहता है। माँ दुर्गा के रूप में ब्रह्माण्ड की परम शक्ति का स्मरण उसे भय से सुरक्षा प्रदान कर कर्मपथ पर निर्भीक होकर चलने की ऊर्जा प्रदान करता है। इस मार्ग में हमें सही सूझ प्रदान करने वाली बुद्धि की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारे आचरण और चिंतन के शुद्ध-स्वस्थ होने पर माँ दुर्गा हमें यह सूझ प्रदान करती हैं। ब्रह्मांड में बिखरी उस महाशक्ति की ऊर्जा को प्राप्त करने के लिए

चैतन्य होना आवश्यक है। माँ दुर्गा की उपासना की यह नौ दिवस-रात्रि इसी चैतन्यता के लिए हमें तैयार करती है। हमारे आहार-विहार का संयम हमें इस साधना के अनुकूल बनाता है। आइए हम उस महाशक्ति की आराधना के माध्यम से अपने जीवन की सभी तरह की नकारात्मकता दूर कर शुभता, कल्याण और आध्यात्मिक उत्थान की ओर अग्रसर हों।

## शब्द सामर्थ्य -178


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 177 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्षम | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्त | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू- दोकू क्र.178

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 177 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## सामयिक कहानी

# देर आयद, दुरूस्त आयद

खबर पढ़कर खुश होकर,
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
रोजमर्रा की जरूरतों के सामान
बनाने वाली प्रमुख कम्पनियों ने,
जीएसटी कटौती का लाभ,
हम उपभोक्ताओं को देने के लिए
अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की है।
ऐसे में, आज सोमवार 22 सितम्बर से
साबुन, पावडर, काफी, डायपर,
बिस्किट, घी और तेल जैसी
दैनिक जरूरत की वस्तुएँ की कीमत
कम होने की खबर ने
हम सबको बड़ी राहत दी है।
तो अब आगामी त्योहारी सच,
जो नवरात्रि के साथ शुरू होता है,
के दौरान खपत में वृद्धि
और बिक्री में उछाल आने की
उम्मीद है गजाधर भाई!
गजाधर के मुख पर मुस्कराहट आई
वे बोले- ''मुझे आश्चर्य होता है बानी!
चीजों के दाम कम होने के बाद भी,
'निगोटिव थिंकिंग वालों को है परेशानी।
वे कहते है- ''मोदी सरकार ने
निर्णय लेने में, देर कर दी भाई।
इतने वर्षो तक तो हम लोगों ने तकलीफ पाई।''
फिर गजाधर गिरधारी की ओर देखकर,
बोले हॅस कर- ''तुम भी तो
नकारात्मक सोच रखते हो,
तो आज की खबर पर,
तुम अब क्या कहते हो?''
गृहस्थ गिरधारी चिढ़ उठे
''हम नकारात्मक सोच वाले नहीं हैं।
हम वही कहते हैं, जो बात सही है।
तो हमारा कहना है ''गजाधर!
देर आयद, दुरूस्त आयद।''



गिरीश बक्शी

## बाल गीत


# बदलता परिवेश

कितना बदलेंगे अब रंग। दृश्य देख मन रहता दंग।।
सभी स्वार्थ के हैं इंसान। खुद संकट में डालें प्राण।।
काट रहे वन उपवन आज। करते महल बना कर राज।।
धधक रही जंगल में आग। लगा रहे कुदरत में दाग।।
सुबक रहे हैं शीशम साल। कहवा महुआ हैं बेहाल।।
चार चिरौंजी जामुन बेर। जाने कहाँ हुए हैं ढेर।।
बिखर गई चंदन की गंध। बिगड़ा नर-वन का संबंध।।
रेशम कीड़े करें विलाप। वन का नाश बना अभिशाप।।
खिले कहॉं से उपवन फूल। बची जहॉं बस मिट्टी धूल।।
धूमिल है इनकी पहचान। कल तक थे कानन की शान।।
नष्ट टहनियाँ पत्ते शाख। अंगारों में जलकर राख।।
भावुकता का घटता मोल। हे! मानव तू आँखें खोल।।
छुरी बगल में मुँह में राम। बेच लकड़ीयाँ लेते दाम।।
मानव बिछा रहे हैं जाल। बुला रहे पर अपना काल।।
पुनः करो अब नव निर्माण। रहे सुरक्षित सबके प्राण।।
लें फिर नई कोंपलें श्वास। लाओ जग में नया उजास।।




**प्रिया देवांगन 'प्रियू'**
राजिम, जिला - गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## राशिफल




**मेष**

कमजोर मनोबलवश नकारात्मक चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। कुछ महत्वपूर्ण अवरोधित कार्य पूर्ण होंगे। मन को रचनात्मक दिशा देते हुए अच्छे कार्य में केंद्रित हों। आय के साधन सुलभ होंगे। बुधवार एवं शनिवार को किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से चिंता होगी। पुराने संबंध प्रगाढ़ होंगे किंतु अपयश व लान्छन से बचें।



**वृष राशि**

बढ़ती जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। घर में पूजा-पाठ का माहौल रहेगा। अच्छे विचारों से प्रतिभा निखरेगी। रविवार एवं मंगलवार को शासन-सत्ता में आपकी पकड़ मजबूत होगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी।




**मिथुन**

इस सप्ताह एक साथ ढ़ेर सारी जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। अपनी दिनचर्या सुधार सकारात्मकता की ओर केंद्रित हों। ईश्वरीय आस्था बढ़ेगी। मन सामाजिक एवं मांगलिक कार्यों में केंद्रित होगा। सोमवार एवं मंगलवार को महत्वाकांक्षाएं सकारात्मकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। आवेश में किये कार्य से कष्ट संभव।




**कर्क**

यह सप्ताह अध्यात्मिक विचारों से परिपूर्ण होगा। राजकीय कर्मचारियों को नौकरी में कुछ परिवर्तित स्थितियां सुखद लगेंगी। कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलताओं के अवसर बनेंगे और कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे। सोमवार एवं बुधवार को स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव।



**सिंह**

किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच रंग लायेगी। रविवार एवं सोमवार को मन में अच्छी अभिलाषाएं जागृत होंगी। राजनीतिज्ञों की सक्रियता बढ़ेगी। घर में जिम्मेदाराना व्यवहार प्रशंसा का हकदार बनाएगा। शिक्षार्थियों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को व्यवहार कुशलता से संबंध प्रगाढ़ बनाएंगे।




**कन्या**

महत्वपूर्ण कार्यों की पूर्ति में अर्थाभाव अवरोधक बन सकता है। ईश्वरीय आस्था से समस्याएं हल होंगी। विषम स्थिति में धैर्य अथवा संयम से काम लेवे। राजकीय कर्मचारियों के स्थान परिवर्तन का प्रबल योग है। सोमवार एवं बुधवार को किसी नये व्यवसाय में पूंजी निवेश से पूर्व जानकारों से सलाह लें।




**तुला**

इस सप्ताह मन ईश्वरीय आस्था पर केंद्रित होगा। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा। भौतिक सुख-साधनों की पूर्ति में अत्याधिक व्यय संभव। हीन भाव को लेकर सगे-संबंधों में कटुता न पैदा करें। कुछ आर्थिक चिंताएं रहेंगी। मन देवी की आराधना में केंद्रित होगा।




**वृश्चिक**

कुछ नई शंकाएं पुराने संबंधों में कटुता पैदा करेंगी। सोमवार एवं मंगलवार को आय-व्यय में संतुलन बनायें। पुरानी समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को उच्च स्तरीय लोगों से निकटता का लाभ मिलेगा। परिजनों व निकट संबंधों के स्नेह से उत्साहित होंगे।




**धनु**

हर जगह दूसरों की आलोचना न करें। रोजगार में बड़े परिवर्तन का समय है।वर्तमान महत्वपूर्ण समय का भरपूर लाभ उठाएं। रविवार एवं सोमवार को किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु चिंतित होंगे। लाभ के अच्छे अवसर मन को प्रसन्न रखेंगे। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को अपनी क्रियाशीलता द्वारा प्रगति संभव।




**मकर**

ईश्वरीय आस्था से मन प्रभावित होगा। सोमवार एवं मंगलवार को परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होंगे। आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन नई योजनाओं पर केंद्रित होगा। शुक्रवार एवं शनिवार को संवेदनशील स्थिति में बचकाना स्वभाव से कार्यक्षेत्र में छवि कुप्रभावित हो सकती है। अतः इसे सुधारें। शिक्षा में प्रयत्न सार्थक होगा।



**कुंभ**

पुरानी समस्याएं हल होंगी। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं रहेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न तीव्र होगा। सोमवार एवं मंगलवार को प्रयासरत् क्षेत्रों में कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। बुधवार एवं शुक्रवार को कार्यकुशलता से लोकप्रिय होंगे। राजनीतिज्ञों के लिए विशेष लाभदायक समय हो सकता है।



**मीन**

आर्थिक कठिनाइयां मन को परेशान करेंगी। आकस्मिक कोई लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रयासरत् क्षेत्रों में सफलता मिलेगी। मन को ईश्वरीय आस्था पर केंद्रित रखें। शुक्रवार एवं शनिवार को शासन सत्ता के लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य हेतु प्रयत्न सार्थक होगा।

# पहला कॉलम...

## नगर साहू संघ के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बने कौशल

### नगर साहू संघ के चुनाव में सभी सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए



डोंगरगांव (दावा)। प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू के निर्विरोध अध्यक्ष बनने के बाद उनके गृह नगर में नगर साहू संघ का चुनाव रविवार को मां कर्मा भवन मटिया में शांतिपूर्ण और निर्विरोध सम्पन्न हुआ। नगर साहू संघ का चुनाव में अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए हैं। नगर साहू संघ डोंगरगांव के नवनिर्वाचित चुने गए पदाधिकारियों में अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष नामदेव साहू, हंसू साहू, संगठन सचिव घनश्याम साहू, लोकेश्वरी साव को समाज के संचालन का दायित्व सौंपा गया है। नगर साहू संघ डोंगरगांव के निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनाव अधिकारी लविंद्र साव, धमेंद्र साव, पर्यवेक्षक मोहनीश साहू, सी.एल. हिरवानी रहे। नगर साहू संघ डोंगरगांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मां कर्मा भवन मटिया में स्वागत, अभिनंदन और सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा समाज को एक नई दिशा देने के लिए तथा समाज को एकजुटता और एकता बनाए रखने के लिए आज के युवा पीढ़ी को आगे लाना आवश्यक है तथा समाज को संगठित करने के लिए समाज में रहकर हमेशा हर कार्य के लिए अग्रसर रहना चाहिए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। चुनाव कार्यक्रम में अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, गुमान साहू, गुलशन हिरवानी, सुरेन्द्र साहू, पार्षद डीकेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, कोमल साहू, माधव साहू, यशवंत साहू, नारायण साहू, जागेश्वर साहू, धनराज साहू, डॉ. नरेन्द्र साहू, ताम्रध्वज साहू, भारत साहू, लालदास साव, ऐलन साहू, चैतराम साहू, यादव राम साहू, कृष्णा साहू, गिरधर साहू, एन एल साहू, देवेन्द्र किशोर साहू, प्रदीप साहू, महेश्वर साहू, हरिशंकर साहू, कौशल साहू, प्रेम कुमार साहू, अर्जुन साहू, शोभराय साहू, हीरदे साहू, घनश्याम साहू, दौवाराम साहू, प्रेमदास साहू एवं साहू समाज के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## परिक्षेत्र साहू संघ खामतराई अध्यक्ष बने रविन्द्र कुमार



डोंगरगांव (दावा)। परिक्षेत्र साहू संघ खामतराई का त्रिवर्षीय चुनाव 21 सितम्बर 2025 रविवार को किया गया। इस गरिमामय आयोजन में समस्त परिक्षेत्र कार्यकारिणी ग्रामीण पदाधिकारी एवं समस्त आजीवन सदस्यों के द्वारा चुनाव संपन्न हुआ। तहसील साहू संघ के पर्यवेक्षक जीवनलाल कश्यप एवं छक्कन साहू द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया गया, चयनित पदाधिकारियों में अध्यक्ष रविंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष तुलाराम साहू, उपाध्यक्ष महिला में कांतिबाई साहू, संगठन सचिव सुमनलाल साहू, संगठन सचिव महिला रेखाबाई सोनबोईर शामिल हैं। समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारीगणों को जीत पर पूरे समाज की ओर से बधाई दी गई, जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. अकबर साहू, संपतलाल साहू, अंकलहाराम साहू, कार्तिकराम साहू, कल्लूराम साहू, कृष्णकांत साहू, रूपेश कुमार साहू, टोमनदास साहू, चिंताराम साहू, नरेंद्र हिरवानी, सुकलूराम साहू, कोमल साहू, दुलेश्वर साहू, अवध हिरवानी, वासुदेव हिरवानी एवं रोहिणीबाई सोनवानी शालूबाई साहू, हेमबाई साहू शामिल हैं। चुनाव पश्चात साहू समाज के सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने मिलजुलकर एकता एवं भाईचारे से संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## शराब के नशे में धुत ऋषि कुमार वर्मा को भेजा जेल

घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका में बाजार चौक बसस्टैंड में शराब के नशे में गाली गलौच और मारपीट के धमकी देने वाले और बाजार में अशांति फैलाने वाले ऋषि कुमार वर्मा, विजय स्मारक चौक घुमका को बीएनएसएस धारा 170 के तहत जेल भेजा गया। जिसमें उपनिरिक्षक कोदूराम नागवंशी घुमका थाना प्रभारी एवं टीकाराम पटेल प्रधान आरक्षक की मुख्य भूमिका रहीं।

## साहू भवन पार्रीकला में नवनियुक्ति पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। समारोह में नवनिर्वाचित ग्राम इकाई पार्रीकला के अध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षक दिनेश कुमार साहू, सचिव, सेवानिवृत शिक्षक किशन दास साहू, उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद साहू, महिला उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, संगठन सचिव कोमल साहू, महिला संगठन सचिव गीतू साहू, अंकेक्षक विष्णु राम साहू, संरक्षक में हरिलाल साहू, रोहित सार्वा, कपूर दास साहू, पलटूराम साहू, ईश्वर साहू। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ संयोजक (अध्यक्ष) पुरुषोत्तम साहू, उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, महिला वर्ग संयोजिका युवा प्रकोष्ठ ओमेश्वरी साहू, संगठन सचिव युवा प्रकोष्ठ झमेश्वर साहू, प्रचार सचिव नोहर साहू सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और पदभार ग्रहण कराया गया। जिसमें ग्राम साहू समाज के वरिष्ठजन युवा वर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराने आए मंडल साहू समाज सुंदरा के पदाधिकारियों में मंडल अध्यक्ष बृजभूषण साहू, संरक्षक विनोद साहू, कन्हैयालाल साहू, सचिव के डी साहू कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू उप अंकेक्षक बिसहत साहू उपस्थित रहे।

# बिना एग्रीमेंट के कराए गए कार्य का 2 लाख 33 हजार का भुगतान नहीं होने से सैकड़ों मजदूरों को आर्थिक क्षति

**o जांच अधिकारियों ने सरपंच कैलाश उके सहित तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, सचिव और सभी मेट पर आर्थिक दंड लगाया**

डोंगरगढ़(दावा)। बोरतलाव के सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष, एलबी नगर मंडल महामंत्री कैलाश उके की मुसीबत थमने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व सरपंच व जनपद सभापति, सरिता ओमप्रकाश मांडवी को प्रताड़ित करने के पश्चात, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावडे व समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी पर अनावश्यक टिप्पणी करने एवं अपने द्वारा किए गए कृत्य के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आदिवासी समाज की सामाजिक बैठक में भी सार्वजनिक माफी मांगने पर भी सरपंच श्री उके की मुसीबते कम होने का नाम नहीं ले रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला भाजपा संगठन प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से विवादों से घिरे भाजपा नेता कैलाश उके के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि आदिवासी समाज की महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में शिकायत होने के 25 दिन पश्चात भी एट्रोसिटी एक्ट के तहत करवाई नहीं हो पा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रकरण को लेकर सर्व आदिवासी समाज में दिनों दिन आक्रोश पनपता जा रहा है। जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकता है। जिसका नुकसान सिर्फ और सिर्फ जिला भाजपा संगठन व भाजपा से जुड़े नेताओं को होते दिखाई दे रहा है। वर्तमान में चल रहे विवाद का समुचित निपटारा नहीं हो पाया है। इस बीच बोरतलाव पंचायत के 220 मजदूरो के एक सप्ताह का 2 लाख 33 हजार रुपए का मजदूरी भुगतान नहीं मिलने से मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की ओर से आरटीआई के तहत प्राप्त दस्तावेज के अध्ययन से पता चला है कि बोरतालाब के सरपंच कैलाश उके द्वारा बिना एग्रीमेंट के कार्य कराने एवं एवं मनरेगा के तहत किए जाने वाले कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग करने के कारण मजदूरो का लाखों रुपए भुगतान रोक दिया गया है। जांच अधिकारियों द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अब यह भुगतान किसी भी स्थिति में नहीं हो पाएगा।

**मनरेगा के कार्य में में जेसीबी मशीन का उपयोग करने की शिकायत पर पहुंचा था मीडिया**

राज्य शासन द्वारा मई 2025 को मनरेगा योजना के तहत समुदाय के लिए जल संचयन व तालाबों के पुनरुत्थान कार्य हेतु बोर तलाव स्थित बैगा टोला में सेवक के खेत के पास स्थित तालाब में गहरीकरण कार्य हेतु 9 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। मजदूरी वाले इस कार्य में सरपंच कैलाश उके द्वारा बिना एग्रीमेंट किए मजदूरों के साथ-साथ जेसीबी मशीन का उपयोग कर कार्य कराया जा रहा था। जिसकी शिकायत मिलते ही मीडिया के साथियों ने नियम विरुद्ध किए जा रहे कार्य का खुलासा किया। शिकायत के पश्चात जांच में सरपंच सहित इंजीनियर, सचिव, रोजगार सहायक व कार्य करने वाले सभी मेट पर आर्थिक जुर्माना लगाते हुए चेतावनी दी गई तथा मजदूरी भुगतान को शून्य घोषित कर दिया गया।

**मजदूरी भुगतान को लेकर करेंगे उग्र प्रदर्शन**



**मीडिया कवरेज करने गए साथियों पर मजदूरों से हमला कराया गया, शिकायत के बाद आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई**

मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्य को नियम विरुद्ध किए जाने की शिकायत का पता चलते ही मीडिया के साथियों ने कार्यस्थल पर पहुंचकर मामले का खुलासा करना चाहा गया ,इसी दौरान कार्य एजेंसी के प्रमुख द्वारा कार्य स्थल पर उपस्थित मजदूरों के माध्यम से मीडिया के साथियों को धमकी दी गई कि वे सभी कार्य स्थल से बैरंग वापस चले जाए और समाचार का प्रकाशन ना करें। इसके अलावा मजदूरों द्वारा अनावश्यक शब्दों का उपयोग भी कार्य स्थल पर किया गया जिसकी शिकायत मीडिया के साथियों ने स्थानीय प्रशासन से की। लेकिन आज पर्यंत उस शिकायत को पुलिस प्रशासन द्वारा संज्ञान में नहीं लिया गया। जिससे दोषियों के हौसले बुलंद है।

**बिना एग्रीमेंट एवं मनरेगा के कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग होने से मजदूरी भुगतान रोका गया- मनरेगा प्रोग्राम अधिकारी**

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में पदस्थ मनरेगा प्रोग्राम अधिकारी विजय प्रताप से ना बताया कि बर तोला सरपंच कैलाश के द्वारा तालाब गहरीकरण कार्य का प्रारंभ बिना एग्रीमेंट के किया गया एवं इस कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग नियम विरुद्ध किया गया जिसके कारण 995 मानक दिवस के मजदूरी भुगतान की कुल राशि 233025 रुपए को जांच अधिकारी द्वारा शून्य घोषित कर दिया गया है। जिसके कारण मजदूरों द्वारा किए गए कार्य का भुगतान मजदूरों को नहीं किया जा सकता।

## अभा. पुजारी संघ की बैठक में सम्मान निधि पुजारी पुरोहित को 20 हजार रु. प्रतिमाह देने की मांग



राजनांदगाँव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी ने बताया कि विगत दिनों अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की जिला स्तरीय प्रथम विशाल बैठक स्थानीय राम जानकी बाला बाबा मंदिर सोनार पारा राजनांदगांव में अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी नर्मदा कुंड नवागढ़ के मंहत प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेन्द्र दास जिला प्रभारी प्रदेश सचिव डोमन दास वैष्णव, निधि निखिल वैष्णव, जिला मंडलेश्वर राज दुबे कि गरिमामय उपस्थिति के मध्य हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी ने कहा कि संगठन को मजबूत करना है जिससे संगठन की बात शासन तक आसानी से पहुंचाया जा सके। दिल्ली मॉडल आधारित सामाजिक सम्मान निधि पुजारी पुरोहित को 20,000 प्रतिमाह दिये जाने की मांग रखेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेन्द्र दास ने कहा कि मंदिरों से अवैध कब्जा हटाया जावेगा, जिससे मन्दिरों का जीर्णोद्धार किया जायेगा अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि हमारे महान संत श्रीं श्रीं 1008श्री रामानंदाचार्य ने सात हो वर्ष पूर्व ही समाजिक समरसता का ज्ञान दिया था, संत रामानंदाचार्य के प्रमुख बारह ज्ञानवान प्रतिभाशाली शिष्य थे जिन्हें विभिन्न समाजों में वैष्णव का संदेश प्रचार करने भेजा गया था, जिसमें कबीर दास एवं संत रविदास भी थे। तदानुसार दलितों बुद्ध मंदिरों के पुजारी तथा सतनाम के पुजारी को भी पुजारी पुरोहित संघ में सदस्यता दी जाएगी कि संगठन का अगला कदम सनातन संस्कृति आधारित भव्य गुरुकुल की स्थापना इसके लिए संगठन को विशाल स्वरुप प्रदान करना आवश्यक है।

बैठक में प्रमुख रुप से विभिन्न मंदिरों से पुजारी पुरोहित किल्ला मंदिर के पुजारी दिलीप कुमार वैष्णव अमन शर्मा, जलाराम मंदिर शोभाकांत पाठक जमात पारा रमाकांत तिवारी, नाग मंदिर डोंगरगढ़ श्याम वैष्णव, राधा कृष्ण मंदिर डोंगरगढ सेजल शिव मंदिर ढारा रवि प्रकाश दुबे, जितेन्द्र झा दिग्विजय कालेज परिसर में गणेश मंदिर तुषार मिश्रा, गांव बोरी महेन्द्र दास वैष्णव, बलभदीं जमात मंदिर अमर दास, महावीर मंदिर डोंगरगढ़ पियुस दुबे, माता शीतला माता मंदिर थानेश्वर मिश्रा, बोरी मनोज निर्वाणी, पंडित दिनेश शर्मा रुवांतला, दुर्गा प्रसाद तिवारी, हनुमान मंदिर प्यारेलाल चौक ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, पारीं खुर्द शिव मंदिर नर्मदा प्रसाद, नर्मदा कुंड रायपुर पं. रोना दुबे, ठेलकाडीह मंदिर युगल वैष्णव, तोशित शर्मा, लक्ष्मी नारायण मंदिर शशांक निर्वाणी, संतोष बैरागी, निर्मोही रेवाडीह भोलादास वैष्णव, देवसरा अनुप दास वैष्णव, मंडलेश्वर छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा निखिल दूबे, शोणीत कुमार निर्वाणी बैरागी, अमन दुबे, अरुण गुप्ता के अलावा बहुत से पंडित पुरोहित बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी कार्यालय प्रमुख द्वारा दी गई।

## शतरंज़ खेल में डोंगरगढ़ की लक्षिता राठी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय अंडर 14 स्कूल गेम्स में शतरंज़ खेल में डोंगरगढ़ की लक्षिता राठी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है।डोंगरगढ़ संस्कार प्ले स्कूल की 12 वर्षीय कक्षा सातवी की छात्रा कु. लक्षिता राठी पिता मनीष राठी का शतरंज़ खेल अंडर 14 बालिका आयु वर्ग में राज्य स्तरीय शतरंज़ स्कूल गेम्स में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।यह स्पर्धा छत्तीसगढ़ के मुगेली जिले में आयोजित की गई थी। स्पर्धा अन्तराष्ट्रीय स्विस नियमो के तहत कुल पांच चक्रों में आयोजित की गई। संस्कार प्ले स्कूल के संचालक दीपक झा ने लक्षिता की उपलब्धि पर कहा है कि लक्षिता ने संस्कार प्ले स्कूल सहित डोंगरगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर अंकित किया है। स्पर्धा में लक्षिता राठी ने चार पॉइंट बनाकर तीसरा स्थान अर्जित किया। इन्हें मंच अतिथियो द्वारा सर्टिफिकेट ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है। स्पर्धा के शीर्ष पांच विजेता खिलाड़ी अंडर 14 बालिका वर्ग में राष्ट्रीय शतरंज़ स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्षिता राठी डोंगरगढ़ की एक मात्र अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त शतरंज़ खिलाड़ी है। इनकी वर्तमान रेटिंग 1550 है।इनकी उपलब्धि का श्रेय इनके माता पिता अभिवावकों और इनके शतरंज़ प्रशिक्षक हरि कृष्ण रेड्डी को जाता है।एन. आर.सी.ए.शतरंज़ संस्था ने लक्षिता राठी के सराहनीय शतरंज़ खेल की प्रशंसा की व डोंगरगढ़ का नाम शतरंज़ खेल में रोशन करने के लिए आभार जताया वा संस्था के पदाधिकारियों सदस्यों ने उज्वल भविष्य की कामना की है। व दिसंबर में दुर्ग में आयोजित संस्था की वार्षिक सभी मे उनकी इस उपलब्धि पर मोमेन्टो ट्रॉफी संस्था द्वारा भेट की जाएगी. उक्त जानकारी संस्था के सचिव मोहम्मद शहरयार ने दी।

**संस्कार प्ले स्कूल सहित डोंगरगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर अंकित किया लक्षिता ने - दीपक झा**

## प्राकृतिक आपदा तहत 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 3 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृती दी है। इसमें तहसील गण्डई के ग्राम दौजरी निवासी राजबाई व तहसील साल्हेवारा के ग्राम चोभर निवासी अंगदराम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर मृतक राजबाई के निकटतम वारिसान तुलाराम ग्राम दौजरी तथा अंगदराम के निकटतम वारिसान आनंदकुवर ग्राम चोभर को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इसी प्रकार तहसील साल्हेवारा के ग्राम सिंगबोरा निवासी नेमसिंह धुर्वे को जहरीले सर्प द्वारा काटे जाने से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान मीना बाई धुर्वे ग्राम सिंगबोरा निवासी के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। संबंधित तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वीकृत राशि का आहरण कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें।

## गुरु बालकदास जयंती पर निकली शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालु शामिल



खैरागढ़ (दावा)। गुरु बालकदास समिति के तत्वावधान में सोमवार 21 सितंबर को गुरु बालकदास जयंती मनाई गई। जिसमें भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ दिलीप सिंह मंगल भवन से हुआ, जो आंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक, मेन रोड, इतवारी बाजार बक्शी मार्ग, मस्जिद चौक और हास्पिटल चौक से होते हुए पुनः दिलीप मंगल भवन पहुंच कर शोभायात्रा का समापन किया गया।। शोभा यात्रा में अखाड़ा, पंथी नृत्य, डीजे और गुरु बालकदास व सतनाम पंथ के प्रतीक चिन्ह जैतखाम की आकर्षक झांकी निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में सतनामी समाज के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, गोपी वर्मा, तेजराम वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सर्व समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के समापन पर पंथी पार्टी एवं समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता पर आयोजक समिति के अध्यक्ष उमेश कोठले ने संरक्षक गुलाब चंदेल, शत्रुघ्न घृतलहरें, कमलेश कोठले, दिलीप लहरें, यशवंत कोठले, पप्पू पात्रे, राजेश बर्मन, आर्यन बेरवंशी, दिनूप्रकाश भारती सहित सभी पदाधिकारियों व आयोजन समिति का आभार जताया।

## 'महंत बने महाराजा' पुस्तक विमोचन में लाल जे.के. वैष्णव का सम्मान



छुईखदान (दावा)। सोनीपत हरियाणा के नरेश कुमार स्वामी निंबार्क के लिखी पुस्तक 'महन्त बने महाराजा' के विमोचन अवसर 21 सितम्बर 2025 दिन रविवार को वैष्णव सेवासंघ मुम्बई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव का प्रतीक चिन्ह, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रानी नम्रता देवी वैष्णव अध्यक्ष नगर पंचायत छुईखदान, अध्यक्षता राजा गिरिराज किशोर वैष्णव पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, विशिष्ट अतिथि कुमार देवराज किशोर वैष्णव का शाल श्रीफल मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि भारत के 562 देशी रियासतों में राजनांदगांव एवं छुईखदान बैरागी वैष्णव रियासत रही, नरेश कुमार स्वामी निंबार्क ने 'महन्त बने महाराजा' पुस्तक लिखा जिसका अतिथियों ने विमोचन किया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजन में कवियों के बहुत सुंदर मनमोहक काव्य पाठ हुआ।

कार्यक्रम संचालन करते हुए वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने नवरत्नों सम्मान की जानकारी देते हुए कहा कि नरेश स्वामी निंबार्क द्वारा इनका सम्मान किया गया, जिसमें नीमच के प्रमोद रामावत, विजय प्रकाश शर्मा भुनेश्वर, लखनदास वैष्णव रायपुर, मधुकिशोरी वैष्णव पंडरिया, लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शायर अब्दुस्सलाम कौसर, महेश शर्मा, ठाकुर विरेन्द्र बहादुर सिंह, मुन्ना बाबू आदि का शाल श्रीफल मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। श्रीमती लतारानी लाल जे.के.वैष्णव ने पुस्तक महन्त बने महाराजा के लेखक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क हरियाणा, राष्ट्रीय कवि प्रमोद रामावत नीमच एवं छुईखदान परत दर परत के लेखक ठाकुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान, दीपक जैन, सुदीप श्रीवास्तव, नीलम वैष्णव, प्रेरणा मंच से अशोक चन्द्राकर, शरद श्रीवास्तव, आदित्य देव वैष्णव अध्यक्ष जय श्री जगन्नाथ सेवा समिति, प्रदीप श्रीवास्तव, कमलेश यादव सहित पत्रकारगण, कवि सम्मेलन आयोजन में प्रबुद्ध श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## तुमड़ीबोड़ मंडल में सेवा पखवाड़ा : प्रतिभावान खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



डोंगरगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ भाजपा मंडल में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किये गए. केन्द्रीय भाजपा एवं प्रदेश भाजपा के दिशानिर्देश और जिला भाजपा राजनांदगांव कोमलसिंह राजपूत एवं जिला सेवा पखवाड़ा के संयोजक सौरभ कोठारी के मार्गदर्शन में एवं तुमडीबोड़ के भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव के नेतृत्व में मंडल भाजपा तुमडीबोड़ विभिन्न सेवा प्रकल्प एवं सेवा को लेकर जनमानस के बीच सामाजिक कार्यक्रम के माध्यम आठ बिंदु कार्ययोजना का सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ। पहले चरण में स्वच्छता अभियान चलाया गया, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम किया गया। द्वितीय चरण में तुमडीबोड़ क्षेत्र के हाईस्कूल तुमडीबोड़ एवं हाईस्कूल तिलईरवार, पूर्व माध्यमिक शाला पेटेश्री के सभी छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छात्र जीवन, बाल्यकाल के संघर्ष, अनुशासित जीवन और दूसरों के लिए जीवन जीने की भावना, राष्ट्र प्रेम तथा राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाया गया और महिला मोर्चा के द्वारा ग्राम पंचायत ढाबा में महिला मोर्चा के द्वारा स्वच्छता अभियान तथा पौधारोपण किया गया। मेरा युवा भारत अभियान खेल युवा मंत्रालय भारत सरकार तथा मंडल भाजपा तुमड़ीबोड़ के सामूहिक सहयोग से विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें आंचल के बालक/बालिका प्रतिभा वान प्रतिभागी सम्मिलित हुए। उक्त प्रतियोगिता में कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, रस्सा कसी आदि खेल में प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

प्रदेश भाजपा व प्रदेश भाजयुमो के द्वारा राजधानी रायपुर आयोजित मैराथन दौड़ में ग्राम तुमडीबोड़ निवासी कु.भगवती यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और मंडल के द्वारा भगवती का स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही साथ ग्राम मचानपार के कबड्डी खिलाड़ी तिलेश पटेल स्टेट टीम से नेपाल और गोवा में खेलकर अपना शानदार प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा तिलेश को पुरष्कृत किया गया है। वहीं मंडल के द्वारा भी ऐसी प्रतिभा का स्वागत सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंडल भाजपा तुमडीबोड़ के डॉ. विलास श्रीवास्तव, टीकम पटेल, गनेश्वर सिन्हा, नसीब रात्रे, तरुण साहू, पिताम्बर साहू, निर्मला सिन्हा, मोरध्वज चंद्रवंशी, दिलेश यादव, चन्द्र कुमार साहू, सुकजित डे जिला युवा अधिकारी, तेजस्वी वर्मा सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवनी आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा, कमलेश साहू, डोमेन पटेल व शाला परिवार के शिक्षक व शिक्षिका, छात्र-छात्राओं सहित अनेक कार्यकर्ता बंधु सम्मिलित हुए।

## देवरीडीह घुमका में आस्था के 272 ज्योति कलश प्रज्वलित, पूर्व विधायक बघेल ने की पूजा अर्चना



घुमका (दावा)। घुमका के देवरीडीह शीतला मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आस्था के 272 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, पुरातन शीतला मंदिर देवरीडीह में आज पूर्व विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल पहुचे उन्होंने वहाँ पूजा अर्चना की व ज्योति कलश प्रज्वलित में शामिल हुए उन्होंने कहा कि माता की अपार कृपा हम सभी पर व घुमका के वासियो पर है इनके आशीर्वाद से ही हम सभी का जीवन धन्य है। ज्योति कलश प्रज्वलन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, जनपद सदस्य चन्द्रेश वर्मा, जयकुमार वर्मा, पीयूष दुबे,मंडल अध्यक्ष खेमचंद पप्पू वर्मा, राकेश वर्मा, डिलेश्वर वर्मा, नेमदास साहू, जितेंद्र साहू, कमलेश निर्मलकर, राजेश शान, लछ्मन वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, नूनकरन वर्मा, रुसुम वर्मा आदि सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## सोने के दामों में हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली। श्राद्ध खत्म हो गए हैं और शारदीय नवरात्रि शुरू हो गए हैं. आज 22 सितंबर को पहला नवरात्रि है और आज से देश में वस्तु एवं सेवा कर की नई दरें भी लागू हो गई हैं, लेकिन नवरात्रि के शुभ मौके पर देशवासियों को सोने के दामों ने झटका दे दिया है, क्योंकि सोना आज फिर महंगा हो गया और अगर इसी तरह सोने के रेट बढ़ते रहे तो धनतेरस पर लोगों के लिए सोना खरीदना मुश्किल हो जाएगा.

बता दें कि आज 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 430 रुपये, 22 कैरेट का 10 ग्राम सोना 400 रुपये और 18 कैरेट का 10 ग्राम सोना 330 रुपये महंगा हुआ है. रेट बढ़ने के बाद आज भी 22 और 24 कैरेट के सोने का रेट एक लाख से ज्यादा बना हुआ है तो आज 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का रेट 112580 रुपये, 22 कैरैट के 10 ग्राम सोने का रेट 103200 रुपये और 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का रेट 84440 रुपये है.

24 कैरेट का 8 ग्राम सोना 344 रुपये, 22 कैरेट का 8 ग्राम सोना 320 रुपये और 18 कैरेट का 8 ग्राम सोना 264 रुपये महंगा हुआ है. रेट बढ़ने के बाद आज 24 कैरेट के 8 ग्राम सोने का रेट 90064 रुपये, 22 कैरैट के 8 ग्राम सोने का रेट 82560 रुपये और 18 कैरेट के 8 ग्राम सोने का रेट 67552 रुपये है.

24 कैरेट का 100 ग्राम सोना 4300 रुपये, 22 कैरेट का 100 ग्राम सोना 4000 रुपये और 18 कैरेट का 100 ग्राम सोना 3300 रुपये महंगा हुआ है. रेट बढ़ने के बाद आज 24 कैरेट के 100 ग्राम सोने का रेट 1125800 रुपये, 22 कैरैट के 100 ग्राम सोने का रेट 1032000 रुपये और 18 कैरेट के 100 ग्राम सोने का रेट 844400 रुपये है.

## शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, H-B1 वीजा पर ट्रंप के नए फैसले से क्रैश हुए ह्र्ञ्ज कंपनियों के स्टॉक

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ॥1क्च वीजा के लिए 1,00,000 डॉलर की ऐप्लिकेशन फीस लगाए जाने के फैसले का भयानक असर देखने को मिला। तमाम भारतीय आईटी कंपनियों के स्टॉक्स आज भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सोमवार को हफ्ते के पहले दिन, बीएसई सेंसेक्स 466.26 अंकों (0.56त्न) की बड़ी गिरावट के साथ 82,159.97 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी आज 124.70 अंकों (0.49त्न) के नुकसान के साथ 25,202.35 अंकों पर आकर बंद हुआ।

सोमवार को सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 9 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 21 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की भी 50 में से सिर्फ 18 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 31 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए और एक कंपनी का शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एटरनल के शेयर सबसे ज्यादा 1.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, टेक महिंद्रा के शेयर आज सबसे ज्यादा 3.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में बजाज फाइनेंस के शेयर 1.31 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 1.17 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.98 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.42 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.40 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 0.17 प्रतिशत, एनटीपीसी 0.16 प्रतिशत और पावरग्रिड के शेयर 0.07 प्रतिशत के उछाल के साथ बंद हुए।

## मशहूर गायक कुमार सान पर पत्नी ने लगाया आरोप

नई दिल्ली। भारत के मशहूर गायक कुमार सानू को लेकर उनकी पहली पत्नी रीटा भट्टाचार्य ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कई हैरान कर देने वाले खुलासे किए हैं। रीटा जान कुमार सानू की मां हैं। हालिया दावों में रीटा ने कुमार सानू के परिवार की पोल खोल जी है। उन्होंने उनकी बहन, भाई और पिता से लेकर भतीजी तक किस्से शाझा किए हैं और सीधे तौर पर कुमार सानू और उनके परिवार वालों के चरित्र पर उंगली उठाई है। फिल्म विंडो को दिए इंटरव्यू में न सिर्फ कुमार सानू बल्कि उनके पूरे परिवार के निजी जीवन को लेकर रीटा ने सनसनीखेज खुलासे किए हैं।

रीटा के मुताबिक कुमार सानू के परिवार में शादियों और रिश्तों को लेकर बेहद अजीब रवैया रहा है। उन्होंने कहा कि सानू के पांच भाई-बहन हैं और सभी की जिंदगी में रिश्तों को लेकर उथल-पुथल रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि सानू के पिता ने भी बुढ़ापे में जाकर दोबारा शादी की थी। रीटा बताती हैं, वो रोज नई दुल्हन से मिलने के लिए तैयार होकर घर से निकलते थे और ये उनके घर का एक तरह से रिवाज बन गया था।

रीटा ने कहा कि सानू के परिवार में तलाक की प्रक्रिया को लेकर कोई गंभीरता नहीं है। उन्होंने कहा, मैं पहली और इकलौती हूं, जिसे इस परिवार में कानूनी तौर पर तलाक मिला है। बाकी सब लोग अपने रिश्ते खत्म कर देते हैं, लेकिन उसे कानूनी रूप नहीं देते।

# पोलार्ड की टीम ने रचा इतिहास, 5वीं बार जीता खिताब, दुनिया की चौथी टीम बनी



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर कायरन पोलार्ड की टीम ने कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल 2025 में कमाल कर दिया है। पोलार्ड की टीम त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने छ्यक्करु 2025 का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया है।

गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए फाइनल में निकोलस पूरन की कप्तानी वाली त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को हराकर 5वीं बार छ्यक्करु का खिताब जीता। इससे पहले त्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम 2015, 2017, 2018, 2020 और 2023 में भी चैंपियन बनी थी। त्रिनबागो नाइट राइडर्स छ्यक्करु में सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाली टीम है।

त्रिनबागो नाइट राइडर्स ञ्च20 लीग क्रिकेट के इतिहास में 5 खिताब जीतने वाली दुनिया की चौथी टीम है। इससे पहले ढ्ढक्करु में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और क्चक्करु में पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम 5 खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 130 रन ही बना सकी। टीम की ओर से इफ्तिखार अहमद ने सबसे ज्यादा 30 रनों की पारी खेली। बेन मैकडरमोट ने 28 जबकि प्रेटोरियस ने 25 रनों का योगदान दिया। त्रिनबागो की ओर से गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। वहीं, अकील हुसैन ने 2 विकेट अपने नाम किए। आंद्रे रसेल और उस्मान तारिक को एक-एक सफलता मिली।131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी त्रिनबागो नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने बेहतर खेल दिखाया। टीम ने 7 विकेट खोकर 2 ओवर बाकी रहते हुए मैच अपने नाम करते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया। सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने 26 और कोलिम मुनरो ने 23 रन बनाए। वहीं, सुनील नरेन ने 22 और कायरन पोलार्ड ने 21 रनों का योगदान दिया।

### पोलार्ड ने 4 कैच लपककर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और टी20 लीजेंड कायरन पोलार्ड ने इतिहास रच दिया है। पोलार्ड टी20 क्रिकेट में 400 कैच पूरे करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। प्रोविडेंस स्टेडियम में त्रिनबागो नाइट राइडर्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स के बीच खेले गए छ्यक्करु 2025 के फाइनल में पोलार्ड ने यह ऐतिहासिक कारनामा किया।

## बीसीसीआई का बड़ा ऐलान, जुबीन गर्ग को वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में दी जाएगी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। बीसीसीआई ने असम के मशहूर गायक जुबीन गर्ग को विशेष श्रद्धांजलि देने का फैसला किया है। हाल ही में सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुए हादसे में जुबीन गर्ग का निधन हो गया था। उनके सम्मान में 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के उद्घाटन समारोह में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि जुबीन गर्ग के निधन से असम में गहरा शोक है। वह सम्मान के हकदार हैं। इसी वजह से असम क्रिकेट एसोसिएशन और BCCI ने उद्घाटन समारोह में उनके लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम तय किया है। यह क्रिकेट जगत की तरफ से उन्हें दी जाने वाली हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

सैकिया ने बताया कि उद्घाटन समारोह में जुबीन गर्ग को समर्पित 40 मिनट का स्पेशल कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल भी अपने लोकप्रिय गीतों और टूर्नामेंट के ऑफिशियल सॉन्ग ब्रिंग इट होम की प्रस्तुति देंगी।

बता दें, ICC वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन मैच भारत और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन होना है।

## क्विंटन डिकॉक ने की संन्यास से वापसी का ऐलान



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। साउथ अफ्रीका की टीम पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट, ODI और ञ्च20ढ्ढ सीरीज खेलेगी। टेस्ट सीरीज में 2 मुकाबले खेले जाएंगे जबकि ञ्च20ढ्ढ और ह्रष्ठढ्ढ सीरीज 3-3 मैचों की होगी। इन तीनों सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। बता दें, साउथ अफ्रीका के पाकिस्तान दौरे का 12 अक्टूबर से आगाज होगा।

12 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों के जरिए साउथ अफ्रीकी टीम ढ्ढष्टष्ट वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। टेस्ट कप्तान टेंबा बावुमा पिंडली की चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं और उनकी गैरमौजूदगी में एडन मारक्रम को कप्तानी सौंपी गई है। स्पिनर साइमन हार्मर को लंबे समय बाद टीम में जगह मिली है। उनके साथ सेनुरन मुथुसामी और प्रेनेलन सुब्रायन को भी टीम में शामिल किया गया है। केशव महाराज चोट से उबर रहे हैं और उन्हें सिर्फ दूसरे टेस्ट के लिए चुना गया है।

टी20 टीम की कप्तानी डेविड मिलर को सौंपी गई है, जबकि ह्रष्ठढ्ढ टीम की कमान मैथ्यू ब्रीट्जके संभालेंगे।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ नेपाल टीम का ऐलान, टीम में लौटे यह 3 स्टार खिलाड़ी




नई दिल्ली। इन दिनों एशिया कप 2025 की धूम है. इस टूर्नामेंट से इतर नेपाल की टी20 टीम का ऐलान कर दिया गया है, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी. स्क्वाड में कुल 16 खिलाड़ियों की जगह मिली है. यह सीरीज ऐतिहासिक होने जा रहा है, क्योंकि ऐसा पहली बार हो रहा जब नेपाल किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज खेलने जा रहा है. यह मुकाबले 27 सितंबर से यूएई में शुरू होंगे.

नेपाल टीम में मोहम्मद आदिल आलम, ललित राजबंशी और संदीप जोरा की वापसी हुई है. आलम ने आखिरी बार अगस्त 2022 में नेपाल के लिए टी20 खेला था. उन्होंने अब तक 8 मैचों में 110 रन बनाए हैं, औसत 15.71 और स्ट्राइक रेट 142.85 का रहा है.

वहीं 23 साल के संदीप जोरा टी20 वर्ल्ड कप 2024 में नेपाल के बाहर होने के बाद पहली बार टीम में लौटे हैं. उनके नाम 31 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 388 रन दर्ज हैं, जिसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं, उनका औसत 19.40 और स्ट्राइक रेट 118.29 का है.

इसके अलावा नेपाल टीम में बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी की भी वापसी हुई है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में हुई टॉप एंड टी20 सीरीज मिस की थी, जिसमें नेपाल ने होबार्ट हरिकेंस अकादमी और मेलबर्न रेनेगेड्स अकादमी को हराया था.

कप्तान रोहित पौडेल ने सभी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया और कहा कि हम वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर पूरी तरह आत्मविश्वासी है. उन्होंने कहा 'हमारे पास पिछले दो सालों में टेस्ट खेलने वाले देशों के खिलाफ खेलने का अनुभव है. जोरा और आदिल आलम की मौजूदगी से टीम का संतुलन और भी मजबूत हो गया है.'

रोहित पौडेल (कप्तान), दिपेंद्र सिंह ऐरी (उपकप्तान), आसिफ शेख (विकेटकीपर), संदीप लामिछाने, कुशल भुर्तेल, लोकेश बम, कुशल मल्ला, मोहम्मद आदिल आलम, आरिफ शेख, संदीप जोरा, करण केसी, नंदन यादव, गुलशन झा, ललित राजबंशी, सोमपाल कामी, शहाब आलम.

वेस्टइंडीज ने नेपाल सीरीज़ के लिए अपनी दूसरी पंक्ति (सेकंड-स्ट्रिंग) की टीम उतारी है, क्योंकि सीनियर खिलाड़ी भारत दौरे पर होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी में व्यस्त रहेंगे. टीम की कमान स्पिनर अकील हुसैन के हाथों में दी गई है, जिन्होंने हाल ही में त्रिनबागो नाइट राइडर्स को सीपीएल 2025 का पांचवां खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी. इस टीम में 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका मिला है, जिनमें अकीम ऑगस्टे, नवीन बिडाईसी, जीशान मोटारा, रेमन सिमंड्स और आमिर जंगू का नाम शामिल है.

अकील होसैन (कप्तान), फैबियन एलन, ज्वेल एंड्रयू, अकीम ऑगस्टे, नवीन बिडाईसी, जेडियाह ब्लेड्स, कीसी कार्टी, करीमा गोरे, जेसन होल्डर, आमिर जंगू, काइल मेयर्स, ओबेड मैककॉय, ज़ीशान मोटारा, रेमन सिमंड्स, शमार स्प्रिंगर.

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो से मुलाकात करेंगे एस जयशंकर, टैरिफ वार के बीच अहम होगी चर्चा

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 80वें सत्र की शुरुआत हो गई है। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका गए हुए हैं। वहीं इस सत्र के दौरान ही भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक भी की जाएगी।



बता दें कि रूस से तेल की खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के बाद, रुबियो और जयशंकर की यह पहली आमने-सामने की मुलाकात होगी।

रविवार को अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी दैनिक कार्यक्रम के अनुसार, रुबियो सोमवार सुबह न्यूयॉर्क में जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों इससे पहले जुलाई में वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान मिले थे। यह द्विपक्षीय बैठक ऐसे दिन हो रही है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने को लेकर भी बातचीत होने वाली है।

इसके अलावा केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को न्यूयॉर्क में अमेरिकी पक्ष से मुलाकात करेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के लिए चर्चा को आगे बढ़ाना है।''

बता दें कि विदेश मंत्री जयशंकर रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। एस जयशंकर ने यहां फिलीपींस की विदेश सचिव थेरेसा पी. लाजारो के साथ द्विपक्षीय बैठक के साथ अपने कार्यक्रम की शुरुआत की। विदेश मंत्री ने एक्स पर कहा, हमने राष्ट्रपति मार्कोस की हालिया भारत यात्रा पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे सहयोग पर भी चर्चा की।÷ लाज़ारो ने कहा कि अगस्त में राष्ट्रपति बोंगबोंग मार्कोस की भारत की ÷सफल÷ राजकीय यात्रा के बाद जयशंकर से फिर से मिलकर उन्हें खुशी हुई। उन्होंने कहा, 'आज की हमारी चर्चा रणनीतिक साझेदारों के रूप में राजनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र आदि में सक्रिय रूप से सहयोग विकसित करने के लिए हमारे दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

## भयंकर चक्रवाती तूफान की दस्तक, 5 देशों में इमरजेंसी और हाई अलर्ट

नई दिल्ली। प्रशांत महासागर में उठा चक्रवाती तूफान रगासा 5 देशों थाईलैंड, फिलीपींस, चीन, ताइवान और हांगकांग में तबाही मचाने को तैयार है. तूफान 18 सितंबर को एक्टिव हुआ था और 21 सितंबर तक यह सुपर टाइफून बन गया, जो करीब 22 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, लेकिन तूफान की तीव्रता को देखते हुए पांचों देशों ने इमरजेंसी की घोषणा कर दी है. फ्लाइट्स और स्कूल-कॉलेज बंद करके समुद्र तट किनारे बसे इलाके खाली करा दिए गए हैं. लोगों को समुद्र तटों से दूर और अपने घरों में ही रहने के साथ ही शिफ्टिंग की तैयारी करने आदेश दिया गया है.



बता दें कि 18 सितंबर 2025 को फिलीपींस के पास प्रशांत महसागर में पूर्व दिशा में एक कम दबाव का क्षेत्र बना था, जिससे 20 सितंबर 2025 तक उष्णकटिबंधीय हवाएं चलने लगीं, इन हवाओं ने 21 सितंबर की सुबह तक सुपर टाइफून का रूप ले लिया, जिसे जापान में रगासा नाम दिया गया और फिलीपींस ने नांडो नाम दिया. 21 सितंबर को तूफान फिलीपींस के कागायान में पूर्व दिशा में समुद्र तट से 450 किलोमीटर दूर था, जो आज 22 सितंबर को लुजोन स्ट्रेट पार करके कल 23 सितंबर को साउथ चीन के सागर में एंट्री करेगा और फिर हांगकांग-थाईलैंड होते हुए आगे बढ़ेगा. 24 सितंबर तक तूफान कमजोर पड़ जाएगा.

बता दें कि फिलीपींस की मौसम एजेंसी और हांगकांग की वेधशाला के अनुसार, कैटेगरी-5 का सुपर टाइफून रगासा के कारण 185 किलोमीटर प्रति घंटा (115 मील/घंटा) की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. 230 किलोमीटर प्रति घंटा (145 मील/घंटा) की रफ्तार वाले झोंके झेलने पड़ सकते हैं. समुद्र की सतह के 30 डिग्री सेल्सियस तक गर्म होने के कारण और कम विंड शीयर के कारण तूफान को मजबूती मिली. बता दें कि बीते दिन 21 सितंबर को तूफान फिलीपींस के नॉथ लुजोन में कागायान और अपर्री में समुद्र तट से टकरा चुका है, जिसके चलते इलाकों में तूफानी हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई. भूस्खलन की घटनाएं भी हादसे का कारण बनीं.

**एयर इंडिया हादसे में पायलट की....**

उड़ान घंटे का अनुभव था। विमान बी.जे. मेडिकल कॉलेज परिसर के छात्रावास में जा गिरा और उसमें भरा हुआ भारी मात्रा में ईंधन होने के कारण आग का गोला बन गया। इस दुर्घटना में यात्रियों समेत कुल 275 लोग मारे गए थे।

**नवरात्र पर मोदी सरकार ने दिया एक....**

हमारे मध्यम वर्ग की मेहनत को मजबूती देने के लिए 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक की आयकर में छूट दी जा चुकी है। अब जीएसटी रिफॉर्म्स से भी मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए बचेंगे।

**पीएम मोदी ने स्वदेशी अपनाने की अपील की**

उन्होंने लिखा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है।आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं...इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

**नान घोटाला: ईडी रिमांड पर रिटायर्ड....**

तय की है। ईडी के लिए तीन और ईओडब्ल्यू के लिए दो महीने। नागरिक आपूर्ति निगम में चावल, नमक और अन्य खाद्य पदार्थों के परिवहन और भंडारण में गड़बड़ी की शिकायत के बाद 12 फरवरी 2015 को एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 28 ठिकानों में छापेमारी की। जांच में नान के रायपुर मुख्यालय से दो करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए। इसके बाद 16 लोगों के खिलाफ 5000 पन्नों से अधिक का चालान कोर्ट में पेश किया गया। उस समय आलोक शुक्ला खाद्य सचिव और अनिल टूटेजा नान के एमडी थे। केंद्र से अनुमति मिलने के बाद दोनों के खिलाफ अलग पूरक चालान भी कोर्ट में पेश किया गया।

### शेष प्रथम का

**यूएस टैरिफ पर आरएसएस....**

की नई परिभाषा गढ़नी होगी। मोहन भागवत ने एक मुलाकात का ज़िक्र करते हुए कहा, तीन साल पहले अमेरिका के वरिष्ठ व्यक्ति से बातचीत हुई थी। उस दौरान उन्होंने लगातार इसी बात पर ज़ोर दिया था कि भारत-अमेरिका सहयोग तभी संभव है, जब अमेरिकी हित सुरक्षित रहें। संघ प्रमुख ने कहा, हर किसी के अपने हित हैं। जो ऊपर है, वही नीचे वालों को खा जाएगा। सिर्फ राष्ट्रहित ही काफी नहीं, व्यक्ति हित भी जरूरी है। यह हित संतुलन से ही सुरक्षित रह सकता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत को अगर विश्वगुरु और विश्वामित्र बनना है, तो उसे दूसरों की शर्तों पर नहीं, बल्कि अपने परंपरागत दृष्टिकोण के आधार पर दुनिया को रास्ता दिखाना होगा। उसे खुद अपना मार्गदर्शक बनना होगा। भागवत ने यह भी कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसने पर्यावरणीय वादों को पूरी तरह निभाया है, जबकि बाकी देश सिर्फ दिखावे तक सीमित हैं। हमारा दृष्टिकोण सनातन है, पुराना नहीं। यह हजारों सालों के अनुभव और संतुलित जीवन के सिद्धांतों पर आधारित है।

**एच-1बी वीजा और टैरिफ पर तल्खी....**

साथ भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। इस फैसले के बाद दोनों विदेश मंत्री पहली बार आमने-सामने की बातचीत के लिए जुटे। ट्रंप की टैरिफ नीतियों के कारण भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ गया था। ऐसे में माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच टैरिफ के मुद्दे पर भी अहम चर्चा होगी।

**बिहार में छठ पूजा के बाद होंगे....**

पिछले चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 125 सीटें और महागठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। एनडीए में जनता दल यूनाइटेड ने 43, भाजपा ने 74, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने 4 और विकासशील इंसान पार्टी ने 4 सीटें जीती थीं। महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल ने 75, कांग्रेस ने 19, वामदलों ने 16 सीटें जीती थीं। इस बार मैदान में प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हटाने के लिए महागठबंधन तैयारी में जुटा है।

**अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध....**

में खरतरनाक तरीके से अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है। जून में एक सेमिनार में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने भी कहा था कि चीन की अंतरिक्ष गतिविधियां न केवल तेज हो रही हैं, बल्कि बेहद उन्नत भी हैं। भारत सरकार अब स्टार्टअप्स के साथ मिलकर ऐसे समाधान तलाश रही है, जो खतरों को समय रहते पहचान सकें। एक विचार यह भी है कि लाइट डिटेक्शन एंड रेजिंग तकनीक वाले उपग्रह छोड़े जाएं, जो किसी भी संबावित खतरे की पहचान जल्दी कर सकें, ताकि जमीन पर बैठे तकनीशियन समय रहते उस उपग्रह को दूसरी दिशा में भेज सकें। इसरो के पूर्व अधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि इसके लिए जमीन पर रडार और दूरबीनों के नेटवर्क की भी जरूरत होगी। उन्होंने माना कि अभी भारत के पास ऐसी तकनीक नहीं है, जो चौबीस घंटे अंतरिक्ष में नजर रख सके, लेकिन कुछ स्टार्टअप्स इस पर काम कर रहे हैं। इसरो ने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीमित सैन्य संघर्ष के दौरान बड़ी भूमिका निभाई थी। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने नौ सितंबर को बताया कि उस समय 400 से अधिक वैज्ञानिक दिन-रात काम कर रहे थे, ताकि धरती पर निगरानी रखने वाले और संचार से जुड़े उपग्रह पूरी क्षमता से काम कर सकें।

**छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता....**

की रीढ़ तोड़ रहे हैं। नारायणपुर में जवानों के शौर्य पर सीएम विष्णुदेव साय साय ने हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि आज नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में हमारे वीर सुरक्षाबलों ने लाल आतंक के खिलाफ एक साहसिक और सफल अभियान को अंजाम दिया। नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में दो नक्सली न्यूट्रलाइज किए गए हैं। यह सफलता केवल नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक निर्णायक पड़ाव ही नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ में शांति, सुरक्षा और विकास की प्रक्रिया को और भी गति प्रदान करती है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने इस सफलता को संगठन के लिए बड़ा आघात बताया। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद पुलिस व सुरक्षा बल पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सरकार और जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। उन्होंने माओवादी कैडरों और उनके नेतृत्व से अपील की कि वे समझें कि अब माओवादी आंदोलन अपने अंत की ओर है। यह समय है कि वे हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं।

## राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी दुर्ग जिला क्रिकेट संघ से खेलेंगे

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ 2024-25 का अण्डर 14 बीसीसीआई द्वारा पंडित रविशंकर स्टूडियों में आयोजित ट्रायल में। (आर.सी.ए.) के 6 खिलाड़ी चयन किया गया, नियमित रूप से कैम्प शाम को भाग ले रहे है। सभी कोच द्वारा कड़ी मेहनत कराया जा रहा है। हित देवांगन, हर्ष उके, छत्रपाल साहू, शौर्य साहू, विजेन्द्र यादव, हरिवंश साहू का चयन किया गया। एसोसिएशन में ट्रेनिंग किया गया है, कैम्प में सलेक्शन मैच, बोर्ड के टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ में भाग लेंगे।

एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आईपीएल प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अम्लाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा, मनोज साहू एवं जोई थामस सहायक कोच सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। उपरोक्त चयन होने पर सभी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। आर.सी.ए. के हेड कोच संदीप शुक्ले ने दी।

## डिप्टी कलेक्टर गौतमचंद पाटिल को राजनांदगांव एसडीएम का दिया गया दायित्व

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिला कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर गौतम चंद पाटिल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजनांदगांव के पद का अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रभार सौंपा है। डिप्टी कलेक्टर गौतम चंद पाटिल अपने अनुविभाग अंतर्गत भू-अर्जन अधिकारी, सक्षम प्राधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम, पंजीयक लोक न्यास, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता दण्ड प्रक्रिया संहिता, पंचायत राज अधिनियम, विभिन्न नियमों व एक्ट अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से संबंधित तथा समय-समय पर सौंपे गये कार्यों का निर्वहन करेंगे।

## भोजन का पाचन मुंह से होने से पहले मस्तिष्क में होता है - डॉ. नौशीन अंजुम



पोषण माह पर 'फूड कनैक्ट' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन एवं गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में 18 सितंबर को पोषण माह के अवसर पर 'फूड कनेक्ट' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सूक्ष्म हरित पौधों (माइक्रोग्रीन्स) के माध्यम से सूक्ष्म खनिजों एवं पौष्टिक तत्वों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. नौशीन अंजुम रहीं। उन्होंने 'भोजन हमें जोड़ता है' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि भोजन का पाचन मुंह से होने से पहले मस्तिष्क में होता है। मस्तिष्क से ही हार्मोन एवं एंजाइम का स्राव पूरे शरीर को नियंत्रित करता है। आजकल युवा वर्ग मोबाइल का उपयोग करते हुए भोजन करता है, जिससे पाचन एवं उपापचयी क्रिया (मेटाबॉलिक दर) प्रभावित होती है। उन्होंने सलाह दी कि भोजन को शांति और स्वाद के साथ ग्रहण करना चाहिए।

साथ ही संतुलित आहार, पोषण मूल्य (राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद) एवं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा अनुशंसित मात्रा पर विस्तार से चर्चा की। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने कुपोषण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

हिंदी विभाग के गुलशन सिन्हा ने झटपट भोजन (फास्ट फूड) के दुष्परिणामों पर अपने विचार व्यक्त किए। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने गेहूं, मूंग, चना, चिया बीज एवं सरसों जैसे सूक्ष्म हरित पौधों का प्रदर्शन किया तथा इनके पोषण मूल्य और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम से बड़ी संख्या में विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

## आज नि:शुल्क विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला अतरिया बाजार प्राथमिक शाला प्रांगण में

खैरागढ़ (दावा)। संचालक, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजनानुसार, जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.) के कुशल मार्ग दर्शन में मंगलवार 23 सितंबर 2025 को बाजार अतरिया के प्राथमिक शाला प्रांगण में एक दिवसीय नि:शुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा/ होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों द्वारा वात रोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग सहित अन्य सभी प्रकार के जटिल रोगों का आयुर्वेद/होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया जावेगा। साथ ही बी.पी. जांच, शुगर जांच भी किया जायेगा। उक्त शिविर में दोनों पद्धतियों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा जांच की जावेगी। विशेष - प्रकृति परीक्षण एवं काढ़ा वितरण किया जायेगा 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' शिविर प्रभारी डॉ. प्रसन्न कुमार प्रधान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी-खैरागढ़, आयोजक डॉ. शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.) ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपिल की है। उक्ताशय की जानकारी खोमदास साहू टोला गांव ने दी।

## संतोष वर्मा बने शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने कार्यकारिणी का गठन करते हुए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर में पदस्थ संतोष कुमार वर्मा निवासी नवा रायपुर को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। कर्मचारी संगठन द्वारा समय पर इन्हें उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया है। इनके द्वारा संगठन एवं कर्मचारियों के हितों के लिए समर्पण व सेवा भाव को देखकर इन्हें प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ के पद पर नियुक्त किया गया है।

## मातृ गोष्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में 20 सितंबर दिन शनिवार को मातृ गोष्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका संचालन श्रीमती संध्या मिश्रा एवं श्रीमती लता सोनकर ने किया मुख्य अतिथि श्रीमती गायत्री वर्मा जो एक अभिभावक होने के साथ रेलवे में मेनेजर पोस्ट पर कार्यरत हैं।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव भी एक अभिभावक एवं कुशल गृहिणी हैं। मुख्य वक्ता जगेश्वरलाल निषाद जो वर्तमान में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। मुख्य अध्यक्षता हमारे वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव आप सभी अतिथि द्वारा मां सरस्वती तैल चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का



शुभारंभ किया गया।

### दीप मंत्र प्रार्थना छोटे-छोटे भैया बहनों ने किया

इसके पश्चात अतिथि तिलक अभिनंदन एवं श्रीफल भेंट श्रीमती निशा नागमोते ने किया। उसके पश्चात भैया बहनों के द्वारा छत्तीसगढ़ गीत हुआ निषाद आचार्य ने शिशु वाटिका क्या और क्यों संस्कार आहार के बारे में बतलाया। इसके पश्चात शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती अमिता जैन ने सुवर्ण प्राशन क्या है और उससे होने वाले फायदे के बारे में बतलाया। उसके पश्चात अतिथि उद्बोधन में सरस्वती शिशु मंदिर का महत्व स्थापना एवं संख्या संस्कार क्यों जरूरी है का मार्गदर्शन मिला। इसके पश्चात बहुत सारी माताओं ने भी अपने विचार सुझाव एवं टिफिन में क्या कितना खाना पर चर्चा किया। माताओं की सुझाव समस्या का श्री निषाद आचार्य ने समाधान किया। श्रीमती दिव्या धुर्वे दीदी ने अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने वाले बच्चों के बारे में एवं एक गीत के माध्यम से बात रखी। उसके पश्चात कु प्रिया भारती ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उत्तम नागमोते, श्रीमती माया वशिष्ट, कामेश्वरी देवांगन, श्रीमती प्रीति वैष्णव, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती योगिता नागमोते, कु. चन्द्रिका यादव, कु श्वेता गिरधर, सुशील यादव उपस्थित रहे।

## सेवा पर्व के तहत् ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने ग्राम पंचायत सिंघोला में की शिरकत



पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संदर्भ में ग्रामीणों को दी विविध जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के ऊर्जा सचिव एवं बिजली कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव (आईएएस) ने सेवा पर्व के तहत ग्राम पंचायत सिंघोला के पंचायत भवन में आयोजित शिविर में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत् परिसर में वेंडरों के द्वारा लगाये गये स्टाल जाकर विस्तार पूर्वक जानकारी हासिल की। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को इस योजना से अधिकाधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। उन्होने बताया कि घर-घर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर लोगों को प्रदूषण मुक्त, मुफ्त और निरंतर बिजली देने एवं प्रत्येक उपभोक्ता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर उनके मासिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। सौर ऊर्जा को सुलभ बनाने और हरित ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत के लिए किसी शासकीय योजना पर आश्रित रहना न पड़े। वह स्वयं अपने छत पर रूफटाफ सोलर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन कर ऊर्जादाता बने। नेट मीटरिंग के माध्यम से वह बिजली बेच भी सकेंगे। केन्द्र सरकार ने 2027 तक देशभर में एक करोड़ रूफटाफ सोलर प्लांट लगाने का संकल्प रखा है। छत्तीसगढ़ में 2027 तक छह लाख घरो में सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य है। सोलर प्लांट लगाने के लिए राज्य सरकार ने उदारता दिखाते हुए उपभोक्ताओं के लिए भारी सब्सिडी की घोषणा की है। अब तीन किलोवाट तक एक लाख आठ हजार रुपए की सब्सिडी उपभोक्ताओं को मिलेगी। इस योजना में 1800 करोड़ रूपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम जनमानस को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर अधिकतम 1,08,000 रूपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर कुल 45,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए 90,000 तक कुल सब्सिडी मिलती है। 3 किलोवाट क्षमता के प्लांट पर कुल 1,08,000 की सहायता मिलती है। इस स्कीम के अंतर्गत उपभोक्ता सोलर प्लांट का केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर 6 प्रतिशत ब्याज दर से 90 प्रतिशत लागत राशि को अधिकतम 10 वर्ष के लिए फाइनेंस कर सकते है।

## ग्राम चांदो में शराबबंदी की दिशा में बना कठोर नियम



डोंगरगाँव (दावा)। पूरे छत्तीसगढ़ में नशाखोरी अपने चरम पर है. गांव-गांव में कम उम्र के लड़के अपनी दिनभर की कमाई शाम को शराब पीकर खत्म कर रहे हैं. नशे की हालत में चौक चौराहों पर गाली गलौज करना, पैसे की उगाही करना एवं चोरी जैसे कुकृत्यों को अंजाम देना आमबात हो गई है. ऐसी ही गंभीर स्थिति समीपस्थ ग्राम चांदो में भी निर्मित हो चुकी है, जहां छपरी लड़के शाम को खुले रूप से शराब सेवन तो करते ही थे, साथ में शराब की खाली शीशी को स्कूल परिसर में फेंक देते थे। नशे की हालत में सार्वजनिक स्थानों में गाली देना, लड़ाई झगड़ा करना जैसे कृत्यों के कारण जनसामान्य ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी. इन सब परेशानियों को देखते हुए ग्राम प्रमुखों ने बैठक लेकर ग्राम स्तर पर कठोर नियम पारित किया है। जिसमें प्रमुख रूप से सार्वजनिक स्थान में शराब सेवन करने वाले पर 5 हजार आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है. वहीं प्रमाण सहित बताने वाले को 3 हजार का इनाम दिए जाने की घोषणा की गई. इसी प्रकार अवैध शराब बिक्री, खुला डिस्पोज़ल, चखना बेचने एवं फ्री फायर या अन्य ऑनलाइन सट्टा खेलने पर भी आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है. उक्त नियम की सूचना कोटवार से मुनादी करवाकर दी गई है.

## टटेंगा विद्यालय में ओज़ोन दिवस पर लोगों किया जागरुक

हरदी (दावा) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में विश्व ओज़ोन दिवस पर लोगों में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संचालित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता रेशमी साहू ने बताया कि पृथ्वी से लगभग 16 किलोमीटर ऊपर वायुमंडल की कवच जो सूर्य से आने वाली हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है। जिसमें अब धीरे-धीरे छिद्र होने लगा है। ओज़ोन परत के छरण के लिए मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन, हाइड्रो क्लोरोफ्लोरोकार्बन, स्प्रे गैस, फोम उत्पादन, एरोसॉल उत्तरदायी है। इंसानों के द्वारा सुविधाओं के लिए किए गए कुछ गलत कार्यों की वजह से वह अब ओज़ोन परत क्षतिग्रस्त हो रही है। ओजोन परत को बचाने के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है।

इसी क्रम में कक्षा 9वीं के शेष कुमारी, भारती, पायल, लक्ष्मण, वीर एवं साथियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। शाला नायक मयंक देवांगन, साक्षी साहू, दिशा, कुसुम सिन्हा और यामिनी सिन्हा ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्राचार्य आरके देवांगन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर जीवन रक्षा के लिए ओजोन परत बहुत आवश्यक है। इससे बचाने के लिए हमें रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर का नियमित रख रखाव करना चाहिए तथा गैस के रिसाव को रोकना चाहिए। व्यक्तिगत वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग एवं ओजोन फ्रेंडली लेवल वाले उत्पाद ही खरीदने चाहिए। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी और यूथ एण्ड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ओज़ोन परत को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना तथा उनका संरक्षण करना होगा।

## ग्राम सम्बलपुर (सिंघोला) में नशामुक्त अभियान



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत सम्बलपुर ग्रामीण कार्यकर्ता महिला ग्राम संगठन, महिला समूह व समस्त ग्रामवासी सम्बलपुर, पोष्ट सिंघोला के द्वारा गांव में यह बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है, जो निम्नानुसार हैं। गांव में शराब व गांजा बेचने वालों को 30000 (तीस हजार रूपये) का जुर्माना रखा गया हैं।

गांव में शराब व गांजा लेने वालो को 10000 (दस हजार रूपये) का जुर्माना रखा गया हैं। गांव में शराब व गांजा बेचते व खरीदते हुए देखकर बताने वालों को 10000 (दस हजार रूपये) का ईनाम दिया जाएगा। गांव के चार गांव के सरहद (सीमा) में गांव के कोई भी व्यक्ति द्वारा शराब व गांजा पीते पाया गया तो 10000 (दस हजार रूपये) का जुर्माना रखा गया हैं। देखकर बताने वाले को 5000 (पांच हजार रूपये) का ईनाम दिया जायेगा। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को दुकानदारों द्वारा किसी भी प्रकार के व्यसन (नशा) समान बेचने पर प्रतिबंध हैं उल्लंघन करने पर दुकानदारों को 1051 (एक हजार इनकावन रूपये) का जुर्माना रखा गया हैं।

ग्राम पंचायत सम्बलपुर के द्वारा यह निर्णय लिया गया हैं, कि किसी भी व्यसन (नशा) पदार्थ को क्रय विक्रय करते पाया गया तो उसके प्रति नियम अनुसार उचित कार्यवाही किया जाएगा।

बैठक 15 सितंबर दिन सोमवार को यह जानकारी ग्राम पंचायत सम्बलपुर के सरपंच उमाकांत चंद्राकर, उपसरपंच शैलेन्द्रकुमार साहू, एवं पंचगण ग्रामीण अध्यक्ष खूबलाल साहू, उपाध्यक्ष याददास साहू, ग्रामीण पटेल लेखराम साहू, ग्रामीणजन भैयाराम साहू, राजेन्द्र चंद्राकर, ग्रामीण महिला संगठन अध्यक्ष मंदाकिनी साहू सचिव रीना साहू, एवं समस्त ग्रामवासी सम्बलपुर की उपस्थिति में यह जानकारी दिया गया।

## स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जिले के वनांचल में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में बालाजी ब्लड सेंटर एवं मदन साहू एलआईसी अभिकर्ता के सहयोग से शाला में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड ग्रुप चेक किया गया। साथ ही संकुल के शिक्षकों एवं ग्रामवासियों द्वारा 48 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को संस्था की ओर से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. गजेन्द्र बघेल, संकुल समन्वयक विकास गुप्ता, ग्राम पंचायत पिनकापार के सरपंच मनसाराम चंद्रवशी, रेवाराम नेताम, मकुंद चंद्रवंशी, शिक्षक कैलाश साहू, एम.एम. डडसेना द्वारा रक्तदान किया गया।

## शहर में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने आईजी को सौंपा ज्ञापन



अवैध नशा बिक्री पर सख्ती की मांग

राजनांदगांव (दावा)। शहर में लगातार बढ़ रहे अपराध चोरी, मर्डर, चाकूबाजी और अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग को लेकर विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ियों और 112 की गश्त बढ़ाने के साथ-साथ नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि संस्कारधानी कहलाने वाला राजनांदगांव अब अपराधधानी बनता जा रहा है। हाल ही में हुए नवागांव तिहरे हत्याकांड और मोहड़ गोलीकांड ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी और चाकूबाजी की घटनाएं आम हो चुकी हैं और अब चोरी की वारदातें मानव मंदिर चौक, डायमंड सिटी से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों के पीछे मुख्य कारण नशा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी हाल ही में अपने राजनांदगांव दौरे पर इस विषय को उठाया था। शहर के कई इलाकों में खुलेआम नशा बिक रहा है और कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई है। आरक्षक आत्महत्या कांड और डोंगरगढ़ नकली शराब कांड जैसे मामलों के बावजूद मुख्य सरगना अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

श्री सोनी ने नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से कई नशे के अड्डे फिलहाल बंद हुए हैं लेकिन आशंका है कि कुछ समय बाद पुनः ये अवैध धंधे शुरू हो सकते हैं। खासकर बसंतपुर थाना क्षेत्र को सबसे संवेदनशील बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां नशे की बिक्री और गंभीर अपराधों की शिकायतें लगातार आ रही हैं जबकि मोहड़ गोलीकांड का मुख्य आरोपी अब तक फरार है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि अपराध रोकथाम में लापरवाह अधिकारियों को हटाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ताकि शहर की कानून-व्यवस्था पर आम जनता का भरोसा कायम रह सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में महिला ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिमा बंजारे, मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, युवा नेता संदीप सोनी, खिलेश बंजारे, अरमान साहू, ऋषभ सोनी, देवकुमार निर्मलकर, अशोक मानकर, रेखा कुर्रे और प्रिंस वरके सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पितरों की मोक्ष की कामना के साथ श्राद्ध पक्ष का हुआ समापन



गायत्री शक्तिपीठ में श्राद्ध और तर्पण का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। भाद्र मास की पूर्णिमा के साथ शुरू हुए पितृ पक्ष का रविवार 21 सितंबर को पितरों को श्राद्ध तर्पण दिए जाने उपरांत उनकी मोक्ष की कामना के साथ इसकी समापन किया गया। रविवार को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक रूप से एक भव्य श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पुनीत कार्यक्रम पूर्वजों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने और उनकी आत्मा की शांति के लिए समर्पित था। इस सेवा का लाभ सभी श्रद्धालुओं को पूर्णतः नि:शुल्क प्राप्त हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के इस पुनीत आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर अपने पितरों को तर्पण अर्पित किया।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ श्राद्ध-तर्पण

कार्यक्रम का संचालन पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के मार्गदर्शन में, पुरोहित सुखंनदन जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण अत्यंत भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की सफलता में शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या के सबल नेतृत्व और विशेष सहयोग बना रहा।

इस अवसर पर सालिकराम साहू भावेश ठक्कर राजकुमार चौरसिया, कमलेश साहू, देवांगन, गौरव बघेल, गोविंद बघेल, भेश कुमार साहू, विनय साहू, श्रीमती मृदुल चौरसिया, कुमारी खुशबूदार नेगी, कुमारी उपासना, कुमारी सोनाली, कुमारी अंकिता राज और श्रीमती शांता महेश्वरी सहित अन्य कई भाई-बहनों ने पूरे समर्पण के साथ भाग लिया। अंत में पितृ भोज की व्यवस्था की गई जिसका लाभ लिया गया।

### बैठकी त्यौहार मनाकर की गई पितृ पक्ष की शुरुआत

बता दें कि विघ्नहर्ता गणेश विसर्जन अनंत चतुर्दशी के ठीक दूसरे दिन पितृ पखवाड़ा शुरु हो जाता है। 16 दिनो तक चलने वाले पितृ पक्ष की शुरुआत बैसकी त्यौहार मनाकर की गई। उसके बाद से अपने दिवंगत पूर्वजों को उनके निधन तिथि के अनुसार नदी- सरोवरों में जल तर्पण व श्राद्धकर्म के द्वारा किया जा रहा था। इस दौरान पितरहा घरों में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए सुस्वादु भोजन बना कर उन्हें अर्पण करने व अपने इष्ट - मित्रों सगा- संबंधियों के अलावा ब्राह्मण भोज ,कौओं गायों व गरीबो को खुशी - खुशी भोजन करा कर किया जा रहा था। पितृपक्ष के दौरान पंचमी तिथि को बच्चों का श्राद्ध तथा नवमी तिथि को माताओं का श्राद्ध किया गया और अंतिम दिन सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के दिन सभी जाने- अनजाने पितरों का पूरे विधि-विधान के साथ श्राद्ध तर्पण किया गया। गायत्री शक्तिपीठ में इसके लिए खास व्यवस्था की गई थी। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि पितृ पखवाड़े के दौरान शक्तिपीठ में आकर पिता तर्पण-पूजन के लिए परिजनों ने मंदिर के पुरोहितों की सेवाएं ली गईं। जिनके द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ दिवंगत पुर्वजों का श्राद्ध तर्पण कराया गया। अंतिम दिन शक्तिपीठ में वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच सामूहिक रूप से भव्य श्राद्ध और तर्पण की व्यवस्था की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर अपने दिवंगत पूर्वजों का श्राद्ध तर्पण कराया और शक्तिपीठ द्वारा आयोजित पितृभोज कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण किए। इसी के साथ ही पितृ पखवाड़े का समापन किया गया।

## जनपद सभापति खुशबू राकेश साहू ने किया प्रथम बार रक्तदान

**राजनांदगांव (दावा)। जनपद सभापति श्रीमती खुशबू राकेश साहू ने आज प्रथम बार रक्तदान किए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भाजपा की ओर से सेवा परववाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। जिसमें आज भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल राजनांदगांव के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम सुंदरा में 21 सितम्बर रखा गया था।**



मुख्य अतिथि जिला राजनांदगांव अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा उईके, मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश साहू, महामंत्री बलराम निर्मलकर, मोतीलाल साहू संयोजक, हेमदीप साहू, हेमलाल साहू, कोमल टंडन, ग्राम पंचायत सुंदरा सरपंच हिपेन्द साहू, मिडिया प्रभारी देवल साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राकेश साहू सिंघोलिया एवं समस्त भाजपा राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल उपस्थित रहे। श्रीमती खुशबू राकेश साहू जनपद सभापति रक्तदान किए और कहा रक्तदान से बड़ा और कोई दान नहीं हमारे एक सोच से किसी व्यक्ति कि जान बच सकती है आप सभी भी रक्तदान जरूर करें।

# आस्था की प्रतिमूर्ति मां बम्लेश्वरी की महिमा और डोंगरगढ़ का इतिहास

(विलास जाम्बुलकर)

डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ में प्रत्येक नवरात्र लाखों की संख्या में माता के भक्त, माता के दर्शन लाभ लेने दूर दूर से पहुंचते हैं। पूर्व वर्षो की भाती चैत क्वांर नवरात्र पर्व में भी माता के भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है। जिसको ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन के द्वारा व्यापक तैयारी की गई है।

### माता के मंदिर का इतिहास

धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित 1000 फीट ऊंचे पहाड़ी में विराजमान मां बम्लेश्वरी देवी के इतिहास के बारे में इतिहासविदो व मन्दिर के पुजारियों का कहना हैं की 2200 वर्ष पुराना हैं मन्दिर का इतिहास। जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ शहर पहले कामावती नगरी के नाम से जाना जाता था। महाराज काम सेन यहां के शासक थे, महाराज कामसेन मां बगलामुखी के बहुत बड़े उपासक थे और अपने तपोबल से मां बगलामुखी को प्रसन्न कर पहाड़ों में विराजमान होने की विनती की और मां बगलामुखी, मां बम्लेश्वरी के स्वरूप में विराजमान हुई। अत्यधिक जंगल एवं दुर्गम रास्ता होने के कारण भक्तों का माता के दर्शन करने पहुंचना अति दुर्लभ था। घना जंगल एवं दुर्गम रास्ता साथ ही जंगली जानवरों का भय होने के कारण भक्त दर्शन लाभ नही पा रहे थे।


राजा कामसेन प्रजा के कल्याण करने पुनः माता से विनती करते हुए पहाड़ों के नीचे विराजमान होने के लिए प्रार्थना किया। मां बम्लेश्वरी राजा कामसेन की भक्ति और प्रजा के प्रति चिन्ता को देख प्रसन्न हो पहाड़ों से नीचे छोटी मां बम्लेश्वरी एवं मंझली मां रणचंडी के स्वरूप में जागृत अवस्था में विराजमान हुई। आज भी दोनों माताएं भक्तों के कल्याण करने जागृत अवस्था में विराजमान हैं। वही दूसरी ओर कुछ इतिहासकारों की माने तो मां बम्लेश्वरी का इतिहास उज्जैन से भी जुड़ा हुआ हैं। राजा विक्रमादित्य भी महाराज कामसेन से युद्ध कर कामावती नगरी में अपना जीत का परचम लहराया था। राजा विक्रमादित्य भी मां बगलामुखी के बड़े उपासक रहे हैं।

### मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन हेतु सुगम पहुंच मार्ग

मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल लाइन पर स्थित डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों के लिए माता के दर्शन लाभ हेतु सबसे आसान मार्ग रेल मार्ग हैं। जो रेलवे स्टेशन से आधा किलोमीटर की दूरी पर हैं। माता का दरबार रेलवे स्टेशन से आटो रिक्शा से या पैदल चलकर माता के दरबार तक पहुंचा जा सकता है। यह मार्ग बहुत ही सुगम और आसान है। अपने स्वयं के वाहन से आने वाले दर्शनार्थियों को के लिए भी बहुत सुगम रास्ता है डोंगरगढ़ पहुंचने का मार्ग नेशनल हाईवे से जुड़ा हुआ है।

### मां बम्लेश्वरी देवी की महिमा

मां के दरबार में भक्तों ने सच्चे मन से जो भी मांगा है उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी हुई हैं। यही कारण हैं की देश-विदेश से भी लोग डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन को आते हैं। भक्तजनों का कहना हैं कि जिन्हें बच्चें नही होते या जिनके जीवन में कोई भी परेशानी आती हैं तो लोग पूरे सच्चे मन से माता के दरबार में मन्नते मांगते हैं वो पूरी होती हैं। माता के भक्तों में आस्था व्यक्त करने का तरीका भी भिन्न दिखलाई पड़ता हैं। कुछ भक्त मन्नते पूरी होने पर अपने निवास स्थान से पैदल चल कर मां के दर्शन को आते हैं। तो कई भक्त घुटनों के बल से ऊपर पहाड़ी में विराजमान मां के दर्शन हेतु जाते हैं। तो कई भक्त जस गीत गाते बाजे गाजे के साथ आते हैं। लोगों का मानना हैं की सच्चे मन से मां से मांगी गई सारी इच्छाएं पूरी होती है। कुछ भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर ज्योति कलश की स्थापना भी करवाते हैं।



### आस्था की ज्योति

प्रत्येक वर्ष चैत्र और क्वांर नवरात्र में लगभग 10 हजार ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते है। जिसमें 61 ज्योति कलश शीतला माता मंदिर, 901 ज्योति कलश नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर और 7500 से 8000 तक की ज्योति कलश ऊपर पहाड़ पर विराजित माता के मंदिर में प्रज्वलित किए जाते हैं, जिसमें देश के कोने-कोने के भक्तों के साथ-साथ विदेश के अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया जैसे अन्य देशों के भक्त भी अपने ज्योति कलश की स्थापना करवाते हैं। भक्तों का माता के प्रति आस्था देश के साथ-साथ विदेश में भी विराजमान है। इसके अलावा प्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रांतो के राजनेताओं के नाम से भी ज्योति कलश प्रज्वलित की जाती है।

### वर्ष में दो मर्तबा मनाया जाता है नवरात्र पर्व

धर्मनगरी डोंगरगढ़ में प्रत्येक वर्ष चैत्र और क्वार नवरात्र का पर्व मनाया जाता हैं। दोनों नवरात्र में मां के दरबार में ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाता है। पूरे नवरात्रि पर्व पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के द्वारा दर्शनर्थियों को माता के दर्शन एवम् प्रज्वलित ज्योति कलश के दर्शन करने सुरक्षित उड़नखटोला की व्यवस्था, दर्शनार्थियों के लिए एयर कंडीशन युक्त विश्राम गृह की व्यवस्था एवं सीढ़ियों से दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों के लिए जगह-जगह पर ठंडे पानी एवं आराम करने के लिए बहुत बड़ा हॉल व्यवस्था की गई है। पूरे मन्दिर परिसर में ऊपर पहाड़ से लेकर नीचे तक सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगा रखे हैं। नवरात्र के दौरान दर्शनर्थियों की मदद करने ट्रस्ट मंडल के कर्मचारी सेवा देते हैं।

नवरात्र पर्व में प्रशासन पूरे विभागों के साथ अपनी सेवा प्रदान करते हैं। नवरात्री पर्व में बाहर से आए दर्शनार्थियों के मनोरंजन एवं खाने पीने के लिए पर डोंगरगढ़ में प्रशासन द्वारा मेला का भी आयोजन किया जाता हैं। जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, कपड़े, खाने पीने की सामग्री, मीनाबाजार इत्यादि होता हैं।

### नवरात्र पर्व के दौरान, प्रशासनिक तन्त्र 24 घण्टे रहते हैं सेवा देने तैयार

जिला प्रशासन द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान लाखों की संख्या में पहुंचने वाले भक्तों की सुविधा के लिए हजारों की संख्या में पुलिस के जवान सभी प्रमुख स्थान पर सेवा करने तैयार मिलते हैं। ताकि भक्ति जन सुविधा से दर्शन लाभ कर सुरक्षित वापस लौट सके और अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सके। घटना दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी प्रमुख स्थानों पर मेडिकल की टीम 24 घंटे सेवा के लिए तैयार रहती है। इसके अलावा पदयात्रा वाले मार्ग में सभी प्रमुख स्थानों पर मेडिकल की टीम के साथ प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। ताकि पदयात्रियों की समुचित सेवा की जा सके।

### नवरात्रि के दौरान पूजन व्यवस्था

नवरात्रि पर्व में माता जी के नौ रूपों की पूजा अर्चना पंडितो द्वारा वैदिक कर्मो एवं मंत्रों से किया जाता हैं। विशेष पूजा कालरात्रि सप्तमी को किया जाता हैं। ऊपर पहाड़ों में प्रज्वलित ज्योति कलश में एक माई ज्योत को ऊपर कुण्ड में सुबह 4 बजे प्रज्वलित किया जाता हैं बाकि के ज्योति कलश में कुण्ड के पानी का छीटा देकर शान्त किया जाता हैं। नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर में प्रज्वलित सभी ज्योति कलश को माताओं बहनों द्वारा शोभायात्रा के रूप में निकालते हुए माता शीतला मन्दिर पहुंचते हैं और दोनों मंदिरों के माई ज्योत का आपस में मिलन होता हैं। उसके उपरान्त प्राचीन महावीर तालाब में सभी ज्योति कलश को विसर्जित किया जाता हैं। दोनों ही माता के मंदिर नीचे और ऊपर पहाड़ में मौजूद मां बमलेश्वरी के गर्भ गृह को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, साथ ही मंदिर ट्रस्ट के द्वारा दूर दूर से आने वाले भक्तों के लिए विशाल पार्किंग की व्यवस्था छिरपानी पार्किंग के रूप में की गई है जिससे भक्तों सुविधा होगी । प्रतिदिन चलने वाला रोपवे, पूरे नवरात्र में सुबह 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलाया जाता है। बीच में समय को देखते हुए जब दर्शनार्थी की संख्या कम होगी 1 घण्टे मेंटेन्स के लिए बन्द रखा जाएगा। उत्तम भोजन के लिए कैंटीन की व्यवस्था रोपवे मे भीड़ की दृष्टि से एयर कंडीशनर वेटिंग हॉल की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गई है।

# फसल बीमा में लाखों की फर्जीवाड़े की जांच में आमगांव पहुचे अधिकारी

### केले की फसल में चना बीमा दर्शाकर की गई गड़बड़ी

### मामला ग्राम पंचायत आमगांव का

छुरिया (दावा)। रबी चना फसल में बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग द्वारा केले की फसल में चना बीमा कराकर लाखों रूपये की फर्जीवाड़े की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने इसके जांच के आदेश जारी कर उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन किया है। इसके परिपालन में सोमवार को चार सदस्यीय जांच टीम आमगांव पहुंचकर पंचायत भवन में इस मामले की जांच शुरू कर दी है।



विदित हो कि छुरिया विकासखण्ड में कृषि विभाग के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसल वर्ष 2024-25 में ढाई हजार हेक्टेयर में किसानों ने फसल बीमा कराया था। जिसका दावा भुगतान बीमा कम्पनी ने लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपये किसानों को भुगतान कर दिया है। जिसमें विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमगांव में लगभग 170 एकड़ में केले एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल होने के बावजूद बीमा कम्पनी द्वारा बिना जांच पड़ताल के फसल बीमा कराकर लाखों रूपये का फर्जी तरीके से दावा भुगतान किया गया। इस फर्जी भुगतान में बीमा कम्पनी के एजेण्ट एवं कृषि विभाग की भूमिका संदिग्ध बतायी जा रही है। जिन 34 खसरों के जमीन पर बीमा कम्पनी ने चना बीमा कराया था, उन खसरों में 12 महीने केला अन्य सब्जी वर्गीय फसल लगा रहता है, ऐसे में केले की फसल में चना का बीमा दर्शाकर लाखों रूपये का फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया था। जिसकी शिकायत पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने अनुविभागीय कृषि अधिकारी से की थी। इसी मामले को लेकर जिला प्रशासन ने चार सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है जिसमें अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव एस.एल. देशलहरे, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी राजनांदगांव एस.एल.पन्द्रे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी छुरिया जी.पी.साहड़े, जिला समन्वयक राजनांदगांव नोहर बंजारे एवं तहसीलदार छुरिया विजय कोठारी ने आमगांव के रैलिस बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के पार्टनर जय बग्गा, वैभव गोलछा, सुदर्शन शर्मा, के नाम से 34 खसरों में 50 हेक्टेयर लगभग 125 एकड़ में हुए फर्जी फसल बीमा के मामले में संबंधितों से बयान दर्ज कर इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसल में फर्जीवाड़े को लेकर लोकसेवा केन्द्र के संचालक परमेश्वर साहू एवं उनकी पत्नी श्रीमती गंगेश्वरी साहू का भी जांच टीम ने बयान दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि जिन 34 खसरों में केले की फसल में चना बीमा दर्शाकर लाखों रूपये का फर्जीवाड़ा किया गया उस मामले में इनकी संलिप्तता पायी गई है।

### निष्पक्ष हो जांच-छन्नी साहू

रबी चना फसल में हुए भ्रष्टाचार को लेकर शिकायतकर्ता पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में हुए फर्जीवाड़ा की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी से कार्यवाही हो।

# बीसीसीआई के संयुक्त सचिव बने प्रभतेज सिंह भाटिया

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के संयुक्त सचिव पद पर प्रभतेज सिंह भाटिया की नियुक्ति पर पूरे राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ में हर्ष की लहर है।



प्रभतेज सिंह भाटिया, राजनांदगांव के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट के चेयरमैन बलदेव सिंह भाटिया के सुपुत्र हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर न केवल आरकेसी परिवार और नगरवासियों को गर्व है, बल्कि पूरा प्रदेश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। लोगों का मानना है कि प्रभतेज सिंह भाटिया जैसे योग्य और दूरदर्शी व्यक्तित्व के बीसीसीआई में आने से भारतीय क्रिकेट को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उनके नेतृत्व में क्रिकेट के क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएँ खुलेंगी।

प्रभतेज सिंह भाटिया को इस नई जिम्मेदारी के लिए प्रदेशवासियों ने हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दी हैं। इस अवसर पर रॉयल किड्स कॉन्वेंट की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, टी ऐस बग्गा, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, सोनल अंजोरियो, बर्सर श्री इंद्र कुमार वैश्नव जी और अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने भी श्री प्रभतेज सिंह भाटिया को बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।


**महापौर ने की सपत्निक पूजा अर्चना...**



राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि जो शक्ति की उपासना का महापर्व है, आज से प्रारम्भ हो रहा है, इस पवित्र अवसर पर माता दुर्गा कि सपरिवार पूजा अर्चना करते महापौर मधुसूदन यादव। इस अवसर पर उन्होंने नगर के नागरिकों को नवरात्रि पर्व की ढेरों शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई देते हुवे कामना कि है कि माता जगदंबा हमें सदा अपार शक्ति से पोषित करती रहे, जिससे हम अपनी सनातन संस्कृति को गौरवान्वित रख सके।

# सूचना के अधिकार की उड़ रही है धज्जियाँ

### आदेश का परिपालन 20 साल बाद भी नहीं




डोंगरगाँव (दावा)। जिले के शासकीय कार्यालयों में सूचना के अधिकार अधिनियम की धज्जियाँ उड़ रही है और इसे देखने वाला कोई अधिकारी नहीं है। कहीं सूचना के अधिकार संबंधी बोर्ड नदारत है, तो कहीं रसीद बुक ही नदारत है। ऐसा ही मामला पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस डोंगरगांव का आया है, जहाँ न तो सूचना के अधिकार को लेकर यहाँ पदस्थ कर्मचारी ही गंभीर हैं और न ही विभागीय अधिकारियों को इस विषय को लेकर कोई सुध है। केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत चल रहे इस शाला में पदस्थ प्राचार्य सूचना के अधिकार में मांगी गई जानकारी को लेकर भी गंभीर नहीं हैं। उनका मानना है कि सूचना के अधिकार में मांगी गई जानकारी इतना महत्वपूर्ण नहीं है। शासन द्वारा उन्हें काफी दबाव है और पहली प्राथमिकता में शासन से मांगी गई जानकारी दी जायेगी। बता दें कि कार्यालयों में जनसूचना अधिकारी व प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पदनाम एवं पते का उल्लेख नहीं होने से प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब होता है, जिसका खामियाजा अपीलार्थी या शिकायतकर्ता को भुगतना पड़ता है।

### आदेश का परिपालन 20 साल बाद भी नहीं

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत राज्य के शासकीय/अर्द्ध शासकीय एवं निगम/मंडल आदि कार्यालयों में शासन व्दारा सहायक जनसूचना अधिकारी/जनसूचना अधिकारी/अपीलीय अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। इन अधिकारियों के नाम एवं धारित पद की पट्टिका सूचना पटल तथा संबंधित अधिकारी के कक्ष के सामने लगी होनी चाहिए। इस संबंध में बाकायदा राज्य शासन द्वारा संदर्भित परिपत्र 11 अक्टूबर 2005 एवं 14 नवम्बर 2005 जारी किए गए हैं और इस संबंध में छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग व्दारा 13 अप्रैल 2006 पुनः आदेश जारी किया गया था किन्तु शासन के आदेश को दरकिनार करते हुए अधिकांश कार्यालय और जिले के अधिकारी आंख बंद कर बैठे हुए हैं।

### 60 दिवस में भी नहीं मिली जानकारी-

इधर आरटीआई कार्यकर्ता गोविन्द प्रसाद गुप्ता द्वारा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस डोंगरगांव में 23 जून 2025 को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत नियमतः एक जानकारी मांगी गई थी। जिसके 29 दिवस बाद 21 जुलाई को इसके लिए शाला के प्राचार्य द्वारा 700 रूपये का डिमांड लेटर दिया गया था, जिसे 13 अगस्त 2025 को आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा जमा करवा दिया गया। राशि जमा होने के बाद भी आज पर्यन्त सूचना के अधिकार में मांगी गई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी आवेदन लगने के 30 दिवस के भीतर प्रदाय करने का नियम है। जिसमें जिले में बैठे अधिकारियों के ढुलमुल रवैय्या के चलते लापरवाह कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती और आरटीआई कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान होना पड़ता है और मजबूरन प्रथम अपीलीय अधिकारी और राज्य सूचना आयोग तक जाकर अपना समय और पैसा दोनों खर्च करना पड़ता है। प्रथम अपीलीय अधिकारी की जानकारी लेने जब आरटीआई कार्यकर्ता संबंधित स्कूल पहुंचे तो उन्हें कहीं भी सूचना के अधिकार से संबंधित कोई भी बोर्ड नहीं दिखा।

### जनसूचना अधिकारियों को ही नहीं है नियमों का ज्ञान

अधिकांश शासकीय कार्यालयों में जनसूचना अधिकारी बनकर बैठे कर्मचारियों और अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम को लेकर जागरूकता ही नहीं है। उन्हें सामान्यतः 30 दिवस के भीतर दिए जाने वाले जानकारी के विषय में तो थोड़ा बहुत ज्ञान है और इसे ही पकडकर वे आवेदन के तीन दिनों को गिनते रहते हैं जबकि नियम में यह है कि फीस जमा होने के बाद या तो सूचना उपलब्ध कराया जाना चाहिए या धारा 8 एवं 9 में विनिर्दिष्ट कारणों में से किसी कारण से अनुरोध को अस्वीकार करेगा, परन्तु जहाँ मांगी गई जानकारी का संबंध किसी व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता से है, वहाँ अनुरोध प्राप्त होने के 48 घंटे के भीतर जानकारी उपलब्ध कराया जाना है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस गंभीर विषय को लेकर संबंधित अधिकारियों को बकायदा प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि आरटीआई कार्यकर्ताओं को सूचना लेने में आसानी हो सके।


# कार्य पूर्ण नहीं करने पर अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जल जीव मिशन अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला में कार्यरत ठेकेदार मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स डोंगरगढ़ द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्रवाई करते हुए अनुबंध को निरस्त कर दिया गया है।

**निविदा में जमा अमानत राशि एवं सुरक्षा निधि राजसात**

अधीक्षण अभियंता सह कार्यपालन अभियंता एव सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजनांदगांव ने बताया कि ठेकेदार मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स डोंगरगढ़ को उपखंड स्तर पर बारम्बार पत्राचार के माध्यम से कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया था, परन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य के प्रति कोई सकारात्मक रूचि प्रदर्शित नहीं किया गया। कार्यालय द्वारा ठेकेदार को अंतिम कारण बताओ नोटिस प्रेषित किया गया। जिस पर भी ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई प्रति उत्तर नहीं दिया गया। ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अनुबंध को निरस्त कर दिया गया। साथ ही निविदा में जमा अमानत राशि एवं सुरक्षा निधि को शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। संबंधित ठेकेदार को आगामी एक वर्ष के लिए राजनांदगांव जिले के किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए भी प्रतिबंधित किया गया है।







**नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक**
थोक व चिल्हर विक्रेता (Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560

**किराये से देना है**
1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम रेंट पर देना है ।
Near the D mart
महाकाल मंदिर के पास।
-: संपर्क :-
मो.- 7000180368

**भूखंड बेचना है**
खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट : - अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।

**आवश्यकता है**
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।



संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com